www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 98.755g

चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बड़ा एक्शन जरूरी

शाहजहांपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत 04

वर्ष :09 अंक :13 मुंबई , शुक्रवार ,04 जुलाई 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली एम्स ट्रॉमा सेंटर में लगी आग, मची अफरा-तफरी, आठ दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार को एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई, जिसके बाद आपातकालीन सेवाओं को तुरंत कार्रवाई करनी पड़ी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी के अनुसार, आग पर काबू पाने के लिए पांच दमकल गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि अभी तक किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने एक बयान में कहा कि हमें दोपहर 3:34 बजे एम्स ट्रॉमा सेंटर में एक इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर में विस्फोट और आग लगने की सूचना मिली। हमने आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा। दोपहर 3:55 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। कोई भी घायल नहीं हुआ। पिछले महीने दिल्ली उच्च न्यायालय ने ग्रीन पार्क एक्सटेंशन और आसपास के इलाकों में जलभराव को रोकने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) परिसर में सीवर लाइन की जरूरत बताई थी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ इलाके में जलभराव के मुद्दे पर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### स्टेट लेबल कबड्डी चैम्पियन बृजेश सोलंकी की कुत्ते के काटने से दर्दनाक मौत, नहीं लगवाया था एंटी-रेबीज टीका

उत्तर भारत से दिल दहला देने वाली लेकिन चिंताजनक खबर सामने आई है, एक राज्य स्तरीय कबड्डी खिलाड़ी की रेबीज से मौत हो गई। उसे कथित तौर पर एक आवारा पिल्ले ने काट लिया था, जिसे उसने नाले से बचाया था। उत्तर प्रदेश के 22 वर्षीय उभरते कबड्डी खिलाड़ी बृजेश सोलंकी को मौत से कुछ दिन पहले ही रेबीज के लक्षण दिखने लगे थे। राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता और प्रो कबड्डी लीग के संभावित खिलाड़ी बृजेश को एक आवारा पिल्ले ने काट लिया था, जिसके बाद उसे एंटी-रेबीज वैक्सीन नहीं मिली थी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। ऐसा नवीनतम रिपोर्टों में बताया गया है। सोलंकी के परिजनों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के फराना गांव के निवासी सोलंकी को दो माह पहले एक पिल्ले ने काट लिया था, लेकिन उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया जिसके बाद 28 जून को उसकी तबीयत बिगड़ गई। सोलंकी के भाई संदीप ने बताया कि उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन काफी प्रयास के बावजूद बचाया नहीं जा सका। कबड्डी खिलाड़ी तीन भाइयों में सबसे छोटा था। संदीप ने बताया, करीब दो महीने पहले, एक पिल्ला नाले में फंस गया था। उसे बचाने की कोशिश में पिल्ले ने बृजेश की उंगली पर काट लिया।

# लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है

## घाना की संसद में बोले पीएम मोदी

**संबोधन**

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं।

> प्रधानमंत्री ने कहा कि स भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र महज एक व्यवस्था नहीं है; यह हमारे मौलिक मूल्यों का हिस्सा है। लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है। भारत में 2,500 से ज्यादा राजनीतिक दल हैं, 20 अलग-अलग पार्टियाँ अलग-अलग राज्यों पर शासन करती हैं, 22 आधिकारिक भाषाएँ हैं, हजारों बोलियाँ हैं।



> नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज सुबह मुझे हमारे दूरदर्शी और राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित किया। घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में, मैं अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूँ। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी मिट्टी के नीचे जो कुछ है, बल्कि आपके दिल में जो गर्मजोशी और ताकत है, उसके लिए भी। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें उन अतिरंजित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं जो हमें अलग रखती हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहते हैं। यही वजह है कि भारत आने वाले लोगों का हमेशा खुले दिल से स्वागत किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत और घाना के इतिहास में औपनिवेशिक शासन के निशान हैं, लेकिन हमारी आत्मा हमेशा स्वतंत्र और निडर रही है। हम अपनी समृद्ध विरासत से शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करते हैं... हमारी दोस्ती आपके प्रसिद्ध शुगर लोफ अनानास से भी अधिक मीठी है। मोदी ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का भी सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियाँ वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की मांग करती हैं।

> ▶▶घाना की विकास यात्रा में भारत सिर्फ साझेदार नहीं बल्कि सह-यात्री है

# कर्ज में डूब रहे किसान, लेकिन मोदी सरकार बेफिक्र

## राहुल गांधी ने सरकार पर साधा निशाना

> राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि सोचिए..सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। और सरकार? चुप है। बेरुखी से देख रही है।

एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला और कहा कि वह किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन है, जबकि किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं। हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सरकार पर किसानों की कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि सोचिए.. सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। और सरकार? चुप है। बेरुखी से देख रही है। उन्होंने आगे लिखा कि किसान हर दिन कर्ज.में और गहराई तक डूब रहा है - बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीजल महंगा है.. लेकिन टरढ की कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज.माफी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है। आज की ही खबर देख लीजिए - अनिल अंबानी का 48,000 करोड़ का रइक फ्रॉड। सरकार पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे - आज हाल ये है कि अन्नदाता की ज़िंदगी ही आधी हो रही है। ये सिस्टम किसानों को मार रहा है - चुपचाप, लेकिन लगातार और मोदी जी अपने ही ढफ का तमाशा देख रहे हैं। बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने राज्य में किसानों की आत्महत्या और सोयाबीन की खेती करने वाले किसानों को बकाया भुगतान न किए जाने के मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानसभा से दो बार वॉकआउट किया। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने विधानसभा में दावा किया कि इस साल जनवरी से मार्च के बीच महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या की। उन्होंने कहा कि 200 मामलों को सहायता के लिए अयोग्य घोषित किया गया



# आत्मनिर्भरता की ओर एक सरकार और बड़ा कदम

## रक्षा मंत्रालय ने दी 1.05 लाख करोड़ की खरीद को मंजूरी

> ❍एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ये सभी खरीद स्वदेशी रूप से की जाएंगी, जिससे रक्षा उत्पादन में 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी।



एजेंसी

रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने गुरुवार को लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ये सभी खरीद स्वदेशी रूप से की जाएंगी, जिससे रक्षा उत्पादन में 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। इन स्वीकृतियों में रक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। बयान में कहा गया है कि खरीद के लिए स्वीकृत की गई प्रमुख वस्तुओं में बख्तरबंद रिकवरी वाहन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें शामिल हैं। इन प्रणालियों का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की गतिशीलता, वायु रक्षा क्षमताओं और रसद दक्षता को बढ़ाना है, जिससे अंततः उनकी समग्र परिचालन तैयारियों को बढ़ावा मिलेगा। समुद्री सुरक्षा के लिए समर्थन के एक मजबूत प्रदर्शन में, डीएसी ने मूर्ड माइंस, माइन काउंटर मेजर वेसल्स, सुपर रैपिड गन माउंट्स और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स के अधिग्रहण के लिए एओएन भी प्रदान किए।

# केजरीवाल ने किया साफ, बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी आप

## बोले- इंडिया ब्लॉक केवल लोकसभा चुनावों के लिए था

> बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। हालांकि, चुनाव आयोग ने तारीखों की घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि बिहार में सभी 243 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव अक्टूबर या नवंबर 2025 में होने हैं।



एजेंसी

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम बिहार में कांग्रेस या इंडिया ब्लॉक सहयोगियों के समर्थन के बिना ही चुनाव में उतरेंगे। केजरीवाल ने कहा कि इंडिया ब्लॉक केवल लोकसभा चुनावों के लिए था। अब कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं है। अगर गठबंधन था तो कांग्रेस ने विसावदर उपचुनाव क्यों लड़ा। वे हमें हराने आए थे। भाजपा ने हमें हराने और वोट काटने के लिए कांग्रेस को भेजा था। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। हालांकि, चुनाव आयोग ने तारीखों की घोषणा नहीं की है। गौरतलब है कि बिहार में सभी 243 सीटों के लिए विधानसभा चुनाव अक्टूबर या नवंबर 2025 में होने हैं। पिछले विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2020 में हुए थे। चुनाव के बाद, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई, जिसमें नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने। बाद में, अगस्त 2022 में, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडी(यू) ने एनडीए से नाता तोड़ लिया और आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन के साथ सरकार बना ली।

# मूल संविधान में नहीं था...

## सेक्युलर शब्द पर बहस के बीच शंकराचार्य का बड़ा बयान

> ▶▶स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि मूल रूप से संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं था, इसे बाद में जोड़ा गया। यही कारण है कि यह भारतीय संविधान की प्रकृति के अनुरूप नहीं है और इस मुद्दे को बार-बार उठाया जाता है।



एजेंसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने गुरुवार को भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द को लेकर अहम बयान दिया। शंकराचार्य ने कहा कि यह शब्द मूल रूप से भारतीय संविधान का हिस्सा नहीं था, बल्कि इसे बाद में जोड़ा गया। उनके अनुसार यह शब्द संविधान की मूल प्रकृति से मेल नहीं खाता, यही वजह है कि यह अक्सर चर्चा का विषय बन जाता है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि मूल रूप से संविधान में धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं था, इसे बाद में जोड़ा गया। यही कारण है कि यह भारतीय संविधान की प्रकृति के अनुरूप नहीं है और इस मुद्दे को बार-बार उठाया जाता है। अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के अनुसार कि धर्म का अर्थ है सही और गलत के बारे में सोचना और सही को अपनाना और गलत को अस्वीकार करना।

# हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव को दिया झटका

## डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी भ्रामक या नकारात्मक विज्ञापन का प्रसारण नहीं करने का आदेश

> ☞ हाईकोर्ट ने कहा था कि बाबा रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं.
>
> ☞ जस्टिस मिनी पुष्करणा की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये अंतरिम आदेश जारी किया।



एजेंसी

नई दिल्ली: दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव को झटका दिया है. हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद को निर्देश दिया है कि वो डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी भ्रामक या नकारात्मक विज्ञापन का प्रसारण नहीं करें. जस्टिस मिनी पुष्करणा की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये अंतरिम आदेश जारी किया। मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी.याचिका डाबर इंडिया ने दायर किया है. सुनवाई के दौरान डाबर इंडिया की ओर से पेश वकील संदीप सेठी ने आरोप लगाया कि वह बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद अपने विज्ञापनों के जरिये च्यवनप्राश को गलतच तरीके से बदनाम कर रही है. पतंजलि आयुर्वेद अपने विज्ञापनों के जरिये उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही है. सेठी ने कहा कि पतंजलि ने भ्रामक और गलत दावा कर यह बताने की कोशिश की है कि वही एकमात्र असली आयुर्वेदिक च्यवनप्राश बनाता है. उन्होंने कहा कि कोर्ट ने दिसंबर 2024 में समन जारी किया था, उसके बावजूद पतंजलि ने एक हफ्ते में 6182 भ्रामक विज्ञापन प्रसारित किए थे.डाबर की याचिका में कहा गया है कि पतंजलि आयुर्वेद डाबर के उत्पाद को साधारण बताकर उसकी छवि खराब करने की कोशिश कर रही है. याचिका में कहा गया है कि पतंजलि के विज्ञापनों में दावा किया गया है कि उसका च्यवनप्राश 51 से अधिक जड़ी-बूटियों से बना है

# मंडी में बादल फटने से मरने वालों की संख्या 13 हुई

> **लापता 40 लोगों की तलाश जारी**
>
> अधिकारियों ने बताया कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने सड़कें साफ करने के लिए लोगों और मशीनरी को तैनात किया है। एसईओसी ने कहा कि भारी बारिश के कारण राज्य में कुल 261 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं, जिनमें से 186 मंडी जिले में हैं। बाढ़ के कारण 599 ट्रांसफार्मर और 797 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं।




एजेंसी

कुल्लू घाटी में भारी बारिश के कारण हुई तबाही के कुछ दिनों बाद, हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में कई बादल फटने से हुई मूसलाधार बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कम से कम 13 लोग मारे गए और 34 लापता हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक 14 शव मिल चुके हैं और करीब 40 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सेराज क्षेत्र को हुआ है, जहां पूरी सड़कें, पुल और घर बह गए हैं। जिले में 140.7 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई - जो औसत 6.9 मिमी से 1,939 प्रतिशत अधिक है। मंडी में औसत मौसमी मानसून वर्षा का लगभग 13 प्रतिशत केवल 24 घंटों में गिर गया, जिससे पूरे जिले में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने क्षेत्र में टीमों को तैनात किया है और बचाव अभियान जारी है।

**भविष्यवाणी** नीतीश को लेकर प्रशांत किशोर ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

# अगर जेडीयू की 25 सीट आई तो छोड़ दूंगा राजनीति



> किशोर ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान के असर को भी खारिज किया और भाजपा को चुनौती दी कि अगर उसे अपनी ताकत पर भरोसा है तो वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़े।

एजेंसी

नयी दिल्ली। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने एक बड़ी भविष्यवाणी करते हुए आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की वापसी की संभावना को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नवंबर के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे और अगर जेडी(यू) 25 से ज्यादा सीटें जीतती है तो वह राजनीति छोड़ देंगे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और जनता दल (यूनाइटेड) के नेतृत्व वाले एनडीए ने 243 में से 125 सीटें जीतकर मामूली बहुमत हासिल किया। एनडीए के भीतर, बीजेपी अपने सहयोगी से ज्यादा मजबूत होकर उभरी और 74 सीटें जीतीं, जबकि जेडी(यू) ने काफी गिरावट देखी और सिर्फ. 43 सीटें हासिल कीं। किशोर ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान के असर को भी खारिज किया और भाजपा को चुनौती दी कि अगर उसे अपनी ताकत पर भरोसा है तो वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं और एनडीए के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं, लेकिन बिहार में उनका प्रभाव सीमित है। किशोर ने न्यूज24 को दिए इंटरव्यू में कहा, देखिए, मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं और बड़े नेता हैं। वह भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। शायद देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। इसलिए यह संभव नहीं है कि मोदी कोई फैक्टर न हों। और वह एनडीए की ओर से सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से वह एक फैक्टर होंगे। महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा में भाजपा की हालिया जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए किशोर ने कहा, महाराष्ट्र महाराष्ट्र है। बिहार बिहार है। महाराष्ट्र में भाजपा जीतती रही है। बिहार में वे कभी अपने दम पर जीतने में कामयाब नहीं हुए। हरियाणा में भी यही हुआ। दिल्ली में केजरीवाल को हराना - ठीक है, मैं सहमत हूं। लेकिन ऐसा कोई राज्य नहीं है जहां भाजपा पहले न जीती हो। प्रशांत किशोर ने तीसरी भविष्यवाणी करते हुए कहा कि बिहार के 60 फीसदी से अधिक लोग बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 30-35 साल से बिहार के लोग यही सब देख रहे हैं और अब वह बदलाव चाहते हैं।

पीके ने दावा किया कि लोकसभा में एनडीए को 30 से अधिक सीटें इसलिए आ गई, क्योंकि मोदी-नीतीश से बड़ा फैक्टर लालू यादव हैं। लोग बीजेपी और जेडीयू को इसलिए वोट देते हैं ताकि फिर से लालू यादव सत्ता में ना आए।

# केजरीवाल पर कांग्रेस का पलटवार, तारिक अनवर - आप का बिहार में संगठन नहीं, गलतफहमी दूर हो जाएगी



> ❍ कांग्रेस नेता ने साफ तौर पर कहा कि हालांकि, सच्चाई यह है कि केजरीवाल की बिहार में कोई वास्तविक संगठनात्मक उपस्थिति नहीं है। हां, वह (बिहार) का दौरा कर रहे हैं, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद उन्हें अपनी गलतफहमी का एहसास होगा।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हम अरविंद केजरीवाल का सम्मान करते हैं। वह वर्तमान में एक पार्टी नेता और एक पार्टी (आप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, इसलिए उन्हें इस तरह के गैरजिम्मेदाराना बयान देने से बचना चाहिए। अगर वह बिहार का दौरा कर रहे हैं, तो उन्हें कोई नहीं रोक रहा है। उन्होंने कहा कि हर पार्टी और नेता को अपनी पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए कहीं भी जाने का अधिकार है। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने साफ तौर पर कहा कि हालांकि, सच्चाई यह है कि केजरीवाल की बिहार में कोई वास्तविक संगठनात्मक उपस्थिति नहीं है। हां, वह (बिहार) का दौरा कर रहे हैं, लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद उन्हें अपनी गलतफहमी का एहसास होगा। भ्रम की कोई गुंजाइश नहीं है, बिहार चुनाव के नतीजे सब कुछ स्पष्ट कर देंगे। आपको बता दें कि केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम बिहार में कांग्रेस या इंडिया ब्लॉक सहयोगियों के समर्थन के बिना ही चुनाव में उतरेंगे।

## सम्पादकीय

### श्रद्धा और संकल्प की यात्रा, अमरनाथ यात्रा आतंक के विरुद्ध भी एक बहुत बड़ा संदेश देने जा रही

इन मार्गों पर रियल टाइम निगरानी रखने तथा अनधिकृत पहुंच को रोकने के लिए सभी पंजीकृत तीर्थयात्रियों और सेवा प्रदाताओं के लिए आरएफआइडी-आधारित ट्रैकिंग प्रणाली शुरू की गई है। लाइव फीड के माध्यम से यात्रा मार्ग की चौबीसों घंटे निगरानी द्वारा तीर्थयात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। यात्रा के दोनों बेस कैंप बालटाल और चंदनवाड़ी में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल शुरू किए गए हैं। जम्मू-कश्मीर की हिमालय पर्वत शृंखला में 13,000 फुट पर स्थित महादेव का तीर्थ समस्त तीर्थों का सार है। अमरनाथ की पवित्र गुफा में भगवान शंकर ने देवी पार्वती को अमर कथा सुनाई थी। अप्रैल में पहलगाम में पाकिस्तान-समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 पर्यटकों की बर्बर हत्या के पश्चात आपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाकर एक बड़ा संकेत दिया था। पहलगाम आतंकी हमला जम्मू-कश्मीर को दशकों पीछे धकेलने की भी साजिश थी। इसलिए इस साल की तीर्थयात्रा जम्मू-कश्मीर के सपनों को नया अवसर प्रदान करेगी। इस वर्ष यात्रा से पूरे विश्व को यह संदेश जाएगा कि भारत न केवल जम्मू-कश्मीर के तीव्र विकास के लिए समर्पित, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकियों के अंत के लिए भी दृढ़-संकल्पित है। छह जून को कटरा में भी वही संकल्प नजर आया था। प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर स्थित विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का लोकार्पण कर संदेश दिया था कि अब भारत की प्रगति के पहिये नही थमेंगे और आतंकियों के संहार के साथ-साथ विकास का तीव्र प्रसार भी होता रहेगा। जम्मू-कश्मीर के राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ाव के साथ ही यहां 70 साल से भेदभाव से ग्रस्त समाज को मुख्यधारा में लाया गया। पिछले पांच वर्षों में आमूलचूल परिवर्तन, सर्वस्पर्शी और समावेशी विकास के संकल्प ने राज्य की दशा-दिशा बदली है। औद्योगिक निवेश तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर का कायाकल्प हुआ है। सभी के लिए समान आर्थिक अवसर सुनिश्चित किए गए हैं। शासन ने लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया है। ऊर्जा, वित्तीय संसाधन, कृषि एवं किसान, शिक्षा, युवाओं और महिलाओं के सशक्तीकरण तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार ने जम्मू-कश्मीर को बड़े लक्ष्य गढ़ने और उन्हें प्राप्त करने की सामर्थ्य प्रदान की है। वक्त ने करवट बदली है और अब आम कश्मीरी आतंकवाद के खिलाफ उठ खड़ा हुआ है। इसके पीछे संयम और धैर्य के साथ जम्मू कश्मीर को आतंक-मुक्त करने के प्रयासों की अहम भूमिका रही है। पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात पाकिस्तान के खिलाफ वादी की सड़कों पर आम नागरिकों का गुस्सा इसका संकेत है कि जम्मू-कश्मीर अपनी नई भाग्य रचना कर रहा है।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि :** करियरः करियर में आज तरक्की के अच्छे योग हैं. किसी जरूरी यात्रा से सकारात्मक परिणाम मिलेंगे. बिजनेसः व्यापार में लाभ के संकेत हैं. नई पार्टनरशिप की शुरूआत हो सकती है. धनः आज की आमदनी अच्छी रहेगी लेकिन फिजूल खर्च से बचें.

**वृषभ राशि :** करियरः ऑफिस में मेहनत रंग लाएगी. काम के प्रति समर्पण दिखेगा. बिजनेसः आज का दिन कारोबारियों के लिए लाभकारी है. विशेषकर क्रिएटिव फील्ड के लोग फायदा उठाएंगे. धनः धन लाभ के योग हैं, लेकिन निवेश में सावधानी रखें.

**मिथुन राशिः** करियरः करियर में नई जिम्मेदारियों के साथ तरक्की के संकेत हैं. बिजनेसः व्यापारिक साझेदारी से लाभ होगा. प्रॉपर्टी डीलर्स के लिए शुभ समय. धनः धन आगमन के साथ खर्चों पर भी नजर रखें. शिक्षाः पढ़ाई में मन लगेगा, विशेष रूप से लंबे समय से अटके सवाल सुलझेंगे.

**कर्क राशिः** करियरः काम में मेहनत का फल मिलेगा. प्रमोशन के संकेत हैं. बिजनेसः व्यापार में ग्राहकों की मांग बढ़ेगी. धनः निवेश से लाभ की संभावना, लेकिन सोच-समझकर निर्णय लें.: किसी नए कोर्स की शुरूआत कर सकते हैं.

**सिंह राशिः** करियरः ऑफिस में नेतृत्व का मौका मिलेगा. आपकी बातों को महत्व मिलेगा. बिजनेसः नए व्यापार की शुरूआत कर सकते हैं, विशेषकर दूसरे राज्य में. धनः धन लाभ के योग बन रहे हैं. शिक्षाः छात्र अपने फोकस और आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगे.

**कन्या राशिः** करियरः किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर मिल सकता है. बिजनेसः व्यापार में लाभ और ग्राहक दोनों मिलेंगे. धनः सोच-समझकर खर्च करें. मित्रों से निवेश संबंधी सलाह फायदेमंद होगी. शिक्षाः सभी डाउट क्लियर होंगे, शिक्षक का सहयोग मिलेगा.

**तुला राशि :** करियरः ऑफिस में तारीफ मिलेगी. अधिकारी प्रसन्न रहेंगे बिजनेसः विरोधियों से मुकाबला होगा, लेकिन फायदा भी होगा. धनः खर्चों पर नियंत्रण रखें, खरीदारी में संयम बरतें. शिक्षाः करियर को लेकर वरिष्ठों से मार्गदर्शन मिलेगा.

**वृश्चिक राशि :** करियरः काम का प्रेशर रहेगा, लेकिन आप उसे संभाल लेंगे. बिजनेसः योजनाओं पर धैर्य से काम करें, जल्दबाजी से बचें. धनः शॉपिंग पर खर्च होगा, बजट का ध्यान रखें. शिक्षाः अध्ययन में ध्यान लगाएं, रिसर्च आधारित काम करें.

**धनु राशि :** करियरः ऑफिस में प्रमोशन और जिम्मेदारी दोनों मिल सकती हैं. बिजनेसः वाद-विवाद से बचें, ग्राहकों से तालमेल बनाए रखें. धनः रुका हुआ धन वापस मिलेगा. शिक्षाः किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के योग हैं.

**मकर राशि :** करियरः प्रोफेशनल निर्णय सोच-समझकर लें. बिजनेसः नई प्रॉपर्टी की खरीददारी संभव है. धनः निवेश सोच-समझकर करें, जल्दबाजी से बचें. शिक्षाः पढ़ाई में स्थायित्व की जरूरत है. लव/पारिवारिकः किसी की तबीयत बिगड़ सकती है, चिंता ना करें.

**कुंभ राशि :** करियरः सहयोगी के लिए आर्थिक मदद करना पड़ सकता है. बिजनेसः नए व्यापारिक आईडिया पर विचार करें. धनः फिजूल खर्च से बचें और सेविंग बढ़ाएं. शिक्षाः स्टूडेंट्स को पढ़ाई में मन लगेगा, रिजल्ट बेहतर होंगे. लव/पारिवारिकः पुराने दोस्त से मुलाकात होगी. उपायः बच्चों को खिलौने भेंट करें.

**मीन राशिः** करियरः ऑफिस में विविध कार्यों का सामना करना पड़ेगा. बिजनेसः व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए फाइनेंस जरूरी होगा. धनः पैसों से जुड़े मामलों में फायदा मिलेगा. शिक्षाः मेहनत ज्यादा करनी होगी, लेकिन परिणाम सकारात्मक रहेंगे. लव/पारिवारिकः प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी. उपायः कुत्तों को बिस्कुट खिलाएं. लकी कलरः गोल्डन

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता, बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ बड़ा एक्शन जरूरी

> भारत सरकार को यह भी साहस जुटाना होगा कि जितने बांग्लादेशी भारत में रह रहे हैं उनके रहने के लिए उसी अनुपात में बांग्लादेश से भूमि मांगे। बांग्लादेश इसके लिए राजी नहीं होगा। ऐसी स्थिति में हमें सख्ती दिखानी। बात आगे बढ़े तो रंगपुर डिवीजन में भूमि लेने से सिलीगुड़ी कारिडोर की समस्या बहुत हद तक सुलझ जाएगी।

पाबांग्लादेशियों की भारत में बड़ी संख्या में घुसपैठ से पैदा समस्याओं के प्रति भारत में दशकों तक सुस्ती दिखाए जाने के बाद अब कुछ जागृति दिखाई दे रही है। कई राज्यों में उनकी धरपकड़ हो रही है और उन्हें वापस बांग्लादेश भेजे जाने के प्रयास हो रहे हैं। दिल्ली में ही पिछले छह महीनों के दौरान करीब 800 बांग्लादेशी पकड़े गए और उन्हें बांग्लादेश वापस भेजा गया। असम में विशेष तौर से बांग्लादेशियों के विरुद्ध अभियान चल रहा है। असम ने एक आदेश जारी किया है कि जब तक जिला मजिस्ट्रेट सत्यापित नहीं कर देंगे, तब तक किसी को आधार पहचान पत्र नहीं मिलेगा। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और हरियाणा से भी अवैध बांग्लादेशियों की धरपकड़ के समाचार आए हैं, फिर भी हमें यह समझना होगा कि जो कार्रवाई हो रही है, वह बांग्लादेशियों की बहुत अधिक संख्या को देखते हुए शून्य है। वैसे तो तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से कुछ लोग बराबर भारत में घुसपैठ करते रहे। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद सोचा गया कि अब घुसपैठ कम हो जाएगी, पर दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। नया देश बनने के बाद भी वहां अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न होता रहा और उनकी स्थिति खस्ताहाल बनी रही। फलस्वरूप हिंदू और मुसलमान, दोनों ही अलग-अलग कारणों से भारत आते रहे। बांग्लादेश के इंस्टीट्यूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज के अनुसार 1951और 1961 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से 35 लाख व्यक्ति गायब हो गए। इसी प्रकार 1961 से 1974 के बीच 15 लाख व्यक्तियों का भी कुछ पता नहीं चला। ये व्यक्ति हवा में नहीं उड़ गए। ये सब भारत चले आए। बांग्लादेश के बुद्धिजीवियों ने लेबेंस्राम की भी एक थ्योरी चलाई। इसके अनुसार अधिक जनसंख्या के क्षेत्र से कम जनसंख्या के क्षेत्र में लोगों का प्रवाह एक सामान्य प्रक्रिया है और बांग्लादेशियों का भारत जाना स्वाभाविक है। दुर्भाग्य से भारत की किसी भी सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। कारगिल युद्ध के बाद भारत सरकार ने चार टास्क फोर्स बनाई थीं। इनमें से एक टास्क फोर्स बार्डर मैनेजमेंट यानी सीमा प्रबंधन से संबंधित थी। इसके अध्यक्ष माधव गोडबोले थे, जो बाद में केंद्रीय गृह सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अगस्त 2000 में भारत सरकार को सौंपी रिपोर्ट में खेद प्रकट किया कि देश में हर पार्टी में इस समस्या के प्रति उदासीनता थी और किसी भी राज्य या केंद्र सरकार ने इसके दुष्परिणामों के बारे में नहीं सोचा। उन्होंने साफ लिखा कि इस समस्या को लेकर सारी जानकारी और उससे



निपटने के पर्याप्त संसाधन थे, पर राजनीतिक वर्ग में समस्या से निपटने के तरीकों में कोई सहमति न होने के कारण निष्क्रियता रही। टास्क फोर्स के आकलन के अनुसार हर महीने करीब 25 हजार यानी प्रतिवर्ष तीन लाख बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत आते रहे और भारत में उनकी कुल संख्या उस समय तक करीब 1.5 करोड़ थी। बांग्लादेश-भारत सीमा पर जैसे-जैसे फेंसिंग लगती गई, घुसपैठियों की संख्या में कमी होती गई। फिर भी बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या भारत में इस समय कम से कम दो करोड़ होगी। 2001 में मंत्रियों के एक समूह ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक रिपोर्ट में स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया कि बांग्लादेश से जो घुसपैठ हो रही है वह देश की सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द और आर्थिक प्रगति के लिए एक गंभीर खतरा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2005 में एक फैसले में कहा कि असम में बांग्लादेशियों की घुसपैठ के कारण आंतरिक उथल-पुथल और विदेशी आक्रमण जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है और इस परिस्थिति में भारत सरकार का कर्तव्य बनता है कि असम की सुरक्षा के लिए संविधान के अनुच्छेद 355 के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाई करे। यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि टास्क फोर्स की रिपोर्ट, मंत्रियों के समूह की चेतावनी और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भी भारत सरकार की नींद नहीं खुली और स्थिति जस की तस बनी रही। क्या यूपीए सरकार, क्या एनडीए सरकार, किसी ने कुछ नहीं किया। अब जब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया है और शेख हसीना वहां से बचकर भारत में निर्वासित रूप में रह रही हैं और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार का गठन हो गया है, जो भारत विरोधी है, तब सबको लग रहा है कि कुछ करना चाहिए। समकालीन वैश्विक परिदृश्य को देखें तो तमाम देश अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं। अमेरिका में विभिन्न देशों से घुसपैठ कर आए हुए सभी व्यक्तियों को जबरन उनके देश वापस भेजा जा रहा है। पाकिस्तान ने भी करीब 13 लाख अफगानों को वापस अफगानिस्तान भेज दिया है। मलेशिया से भी बांग्लादेशियों के विरुद्ध कार्रवाई की खबर आ रही है। ऐसे माहौल में भारत में अवैध तरीके से घुसे बांग्लादेशियों और म्यांमार से रोहिंग्या घुसपैठियों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर कार्रवाई में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। फिलहाल विभिन्न राज्यों में जो कार्रवाई हो रही है, उससे लगता है कि हम शायद कुछ हजार बांग्लादेशियों को ही वापस भेज पाएंगे। बड़ी संख्या में बांग्लादेशियों के भारत में रहने की स्थिति से हमें समझौता करना पड़ेगा। अगर ऐसा होता है तो हमें तीन बातें सुनिश्चित करनी होंगी। पहली, अवैध रूप से आए बांग्लादेशियों को अलग पहचान पत्र दिए जाएं, जिसके अंतर्गत उन्हें देश में रहने और काम करने की अनुमति हो। दूसरी, वे भारत में अचल संपत्ति न खरीद सकें और तीसरी उन्हें किसी भी चुनाव में वोट देने का अधिकार न हो। भारत सरकार को यह भी साहस जुटाना होगा कि जितने बांग्लादेशी भारत में रह रहे हैं, उनके रहने के लिए उसी अनुपात में बांग्लादेश से भूमि मांगे। बांग्लादेश इसके लिए राजी नहीं होगा। ऐसी स्थिति में हमें सख्ती दिखानी। बात आगे बढ़े तो रंगपुर डिवीजन में भूमि लेने से सिलीगुड़ी कारिडोर की समस्या बहुत हद तक सुलझ जाएगी। गृहमंत्री बार-बार कहते हैं कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि यहां कोई भी घुसा चला आए और यहीं बसेरा बना ले। धर्मशाला तो हमारा देश बन चुका है। देखना यह है कि इस धर्मशाला की सरकार कितनी सफाई कर पाती है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डॉक्टर की नई स्टेथोस्कोप

**विजय गर्ग**

एआई डॉक्टर वर्कलोड को आसान बनाने, निदान बढ़ाने और देखभाल को सुव्यवस्थित करके भारत की स्वास्थ्य सेवा में क्रांति ला रहा है। प्रमुख अस्पताल श्रृंखला और स्टार्टअप शुरूआती पहचान, आईवीएफ, कैंसर जीनोमिक्स और आईसीयू निगरानी के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। धन वृद्धि और बढ़ती गोद लेने के बावजूद, बड़े पैमाने पर तैनाती के लिए डेटा गवर्नेंस, लागत और सिस्टम तत्परता में चुनौतियां बनी रहती हैं।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बढ़ते अस्पताल के रोगी भार और सीमित चिकित्सा कर्मचारियों से जूझ रहे भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए एक अप्रत्याशित सहयोगी के रूप में उभर रहा है।एआई द्वारा बीमा दावों और नैदानिक डेटा को संरचित करने जैसे नियमित कार्यों से निपटने के साथ, डॉक्टरों का कहना है कि उनके पास अब इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अधिक समय है कि सबसे अधिक क्या मायने रखता है - 'रोगी

अपोलो, मणिपाल और नारायण हेल्थ जैसी अस्पताल श्रृंखलाएं निदान, जल्दी पता लगाने और यहां तक कि दवा की खोज के लिए एआई उपकरण अपना रही हैं, या तो इन-हाउस तकनीक का निर्माण करके या नए युग के स्टार्टअप के साथ साझेदारी करके। विशेषज्ञों के अनुसार, इनमें से अधिकांश समाधान सर्जरी के बाद की देखभाल को कारगर बनाने और रोगी की सगाई में सुधार करने में मदद कर रहे हैं।भारत का एआई हेल्थकेयर बाजार सालाना 40.6% बढ़ रहा है, जिसमें वर्तमान बाजार का आकार $ 1.6 बिलियन है, नैसकॉम और कंटार ने हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के बीच बढ़ते एआई अपनाने को उजागर किया।

विशेषज्ञों का कहना है कि एआई गोद लेने का उद्देश्य मुख्य रूप से



अस्पतालों में परिचालन दक्षता चलाना है, जिससे राजस्व में वृद्धि होती है। उदाहरण के लिए, रेडियोलॉजी विभाग में, एआई उपकरण लगभग 2-3 घंटे के प्रलेखन की बचत करते हुए, वर्कलोड को आधे से अधिक काट सकते हैं।

उद्योग पर नजर रखने वालों ने बताया कि केवल बड़ी अस्पताल श्रृंखलाएं या शैक्षणिक संस्थान वर्तमान में लक्षित भागीदारी के साथ नैदानिक परीक्षणों के लिए एआई तैनात कर रहे हैं। सरकारी अस्पताल एआई के साथ प्रयोग करने के लिए निजी अस्पतालों और प्रौद्योगिकी कंपनियों पर निर्भर हैं।

भारत में एआई के लिए एक बड़ा अवसर स्थानीय भाषाओं में स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ बना रहा है, यह देखते हुए कि पूरे क्षेत्रों में लक्षण कैसे वर्णित हैंअपोलो अपने क्लिनिकल इंटेलिजेंस इंजन का उपयोग कर रहा है, जो परिवेश सुनने के उपकरणों के साथ संयुक्त है, अपने चिकित्सा कर्मचारियों के लिए हर दिन 2-3 घंटे से अधिक प्रलेखन कार्य की बचत करता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और एलबीएम जैसी बड़ी तकनीकी फर्मों ने एआई- संचालित चिकित्सा उपकरणों को सह-विकसित करने के लिए भारतीय अस्पताल श्रृंखलाओं के साथ भी भागीदारी की है। गूगल एआई- आधारित मधुमेह रेटिनोपैथी का पता लगाने के लिए अरविंद आई हॉस्पिटल के साथ सहयोग कर रहा है, जबकि आईबीएम वॉटसन कैंसर उपचार योजना में मणिपाल अस्पतालों का समर्थन कर रहे हैं।नारायण हेल्थ में, जो कार्डियक केयर में माहिर हैं, परिचालन दक्षता में सुधार और नैदानिक परिणामों की भविष्यवाणी करने के लिए बड़ी भाषा मॉडल (एलएलएम) तैनात किए जा रहे हैं। इसकी प्रमुख परियोजनाओं में से एक आईसीयू में अचानक हृदय संबंधी गिरफ्तारी की भविष्यवाणी करने के लिए एक मशीन लर्निंग मॉडल है।चूंकि आईसीयू एक साथ 60-70 मापदंडों की निगरानी करते हैं, इसलिए उनके बीच बातचीत जटिल हो सकती है। नारायण हेल्थ के ग्रुप चीफ एनालिटिक्स और एआई अधिकारी विवेक राजगोपाल ने कहा, हमारा मॉडल लगातार कार्डियक अरेस्ट रिस्क स्कोर प्रदान करता है और बताता है कि मरीज की हालत क्यों बिगड़ सकती है, जिससे डॉक्टरों को कई घंटे की अग्रिम चेतावनी मिल सकती है । यह उपकरण वर्तमान में चुनिंदा आईसीयू में प्रारंभिक चरण की तैनाती में है।सिर्फ अस्पताल ही नहीं, स्टार्टअप भी तेजी से अस्पतालों और क्लीनिकों के साथ साझेदारी की आशंका वाले एआई-संचालित समाधानों का विकास कर रहे हैं। 2024 में, हेल्थकेयर क्षेत्र ने महत्वपूर्ण कर्षण को देखते हुए निदान, टेलीमेडिसिन और डिजिटल स्वास्थ्य के साथ बाजार खुफिया मंच क्रेडिबल के अनुसार, फंडिंग में 1.13 बिलियन डॉलर जुटाए।अस्पताल और स्टार्टअप साझेदारी ४वेसिकेर, एक बेंगलुरु स्थित सटीक ऑन्कोलॉजी स्टार्टअप, डीएनए और अगली पीढ़ी के अनुक्रमण परीक्षणों की एक श्रृंखला का उपयोग करके दक्षिण एशिया से संबंधित लोगों के लिए सटीक नैदानिक कैंसर उपचार करने के लिए 250 से अधिक अस्पतालों के साथ काम कर रहा है

जो अब तक कोकेशियान या व्हाइट पर आधारित थे लोग।एम्स जम्मू ने कैंसर निदान और उपचार के लिए उन्नत जीनोमिक्स और प्रिसिजन मेडिसिन के लिए एक केंद्र स्थापित करने के लिए स्टार्टअप के साथ भागीदारी की है।स्पोवम टेक्नोलॉजीज, बेंगलुरु, विशेष रूप से आईवीएफ प्रक्रियाओं में सहायता प्राप्त प्रजनन प्रौद्योगिकियों (एआरटी) में परिणामों को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है।विश्व स्तर पर, मैनुअल हैंडलिंग के दौरान लगभग 5% अण्डाणुकोशिका क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

रोबोआईसीएसआई के साथ, हमने प्रक्रिया के दौरान भ्रूणविज्ञानियों को 200 से अधिक चर में पैटर्न को पहचानने में मदद करके शून्य प्रतिशत अधः पतन का प्रदर्शन किया है स्टार्टअप ने पहले ही 2,000 से अधिक प्रक्रियाओं का समर्थन किया है और यह वर्तमान में पूरे भारत में 41 आईवीएफ क्लीनिकों के साथ काम करता है।

इसी तरह, आईआईटी मद्रास और ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित एआई मॉडल गारभिनी-जीए 2 का उद्देश्य भारतीय आबादी के लिए गर्भावस्था के दूसरे और तीसरे तिमाही में गर्भावधि उम्र (जीए) का सटीक अनुमान लगाना है, जिसे पहले कोकेशियान मॉडल का उपयोग करके मापा गया था।

# सत्य का अंतिम सत्य साहस और श्रम

**संजीव ठाकुर**

यह कहावत एकदम सत्य है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं यदि सत्य सच्चाई नहीं होती तो मानव जीवन नहीं होता क्योंकि प्रगति पहाड़ झरना नदिया जंगल बुक और प्रकृति द्वारा दिए गए प्रतिशत के रूप में मानव सहित सांसारिक जीव जंतु प्राकृतिक सत्य की उत्पत्ति है और यह भी सत्य है कि मनुष्य अपने लालच, स्पृहा, कामना, कपट के चलते असत्यता झूठ और फरेब का सहारा और वैशाखी लेकर त्वरित लाभ के लिए जीवन के भाव सागर में कूद पड़ता है परंतु सत्य ही अंतिम सत्य है

परंतु आज की परिस्थितियों में सच्चाई जीवन के हर पहलू से अरे होती जा रही है। आज हम स्वयं दिग्भ्रमित हैं तो आने वाली पीढ़ी को हम क्या नैतिक, संस्कारिक और सांस्कृतिक विरासत दे पाएंगे।

आज के इस उत्तर आधुनिक समाज में जहां उपभोक्तावादी संस्कृति की प्रधानता के परिपेक्ष में भौतिक साधनों एवं सुखों के लक्ष्य की प्राप्ति की एकमात्र उपाय रह गई वहां भौतिकवाद तथा शारीरिक सुख की प्राप्ति का प्रचलन पूरे समाज में फैल गया है इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए झूठ फरेब एवं षड्यंत्र ने अपना जाल बुन रखा है प्राचीन काल से हम आध्यात्मिक, संस्कारिक, सांस्कृतिक रूप से बढ़ रहे थे पर विकास की अवधारणा ने एक नया स्वरूप ले लिया है इन परिस्थितियों में समाज के सदस्यों ने झूठ और फरेब का सहारा लेना शुरू कर दिया है भौतिकवाद सिर चढ़कर बोलने लगा है व्यक्तिगत एवं सामाजिक आत्मीय संबंधों के मूल्य का तेजी से क्षरण होने लगा है समाज के मूलभूत सिद्धांत तथा मूल्य गायब हो गए हैं। सामाजिक मूल्यों के खत्म होने की प्रक्रिया में सत्य बोलना कि एक मात्र साधन शेष रह गया है, किंतु वर्तमान समय में सच बोलना एक कठिन तप और तपस्या की तरह ही है। महात्मा गांधी के जीवन में भी उनके अध्यात्मिक दर्शन में सत्य अहिंसा मूल अवधारणा रही है उन्होंने इस सत्य को पहचाना और यह आशा प्रकट की कि यदि व्यक्तियों में सत्य के प्रति आस्था पैदा हो जाए तो सामाजिक नैतिकता का स्व 'स्वयं उच्च स्तर को प्राप्त कर सकता है और सही मायने में सत्य ही मनुष्य के आचरण की ऊंचाई मानी जाती है। सत्य और अहिंसा पर चलने के लिए संयम, मनोबल, आत्मशक्ति और ऊर्जा ही एक बड़ा विकल्प है । सत्य और अहिंसा स्वाभिमान के प्रतीक है सत्य बोलने वाला मनुष्य स्वाभिमानी होता है दूसरी तरफ असत्य आत्मग्लानि का द्योतक है। कबीर दास जी ने भी सत्य को ईश्वर मानकर कई दोहों की रचना की है।

नकारात्मक व्यवहार सामाजिक स्तर पर किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण दुर्गुण है क्योंकि इसका प्रभाव पूरे समाज एवं देश पर गंभीर परिणाम देने लगता है। झूठ बोलना और सच को नेपथ्य में धकेलना एक सबसे बड़ी सामाजिक बुराई के रूप में सामने आई है। इसीलिए सामाजिक रूप से झूठ को सबसे बड़ा पाप कहा गया है पाप इस अर्थ में कहा गया है कि यह हमें दिग्भ्रमित करके वंचित कर्तव्य एवं रोजमर्रा के आत्मीय व्यवहार से वंचित रखता है और असत्य कथन को समस्त बुराइयों अपराधों की जननी माना जाता है। हम भौतिकवादी मानसिकता से इतने अधिक ग्रसित हो गए हैं की पारिवारिक सदस्यों के बीच हमारे आत्मीय संबंध लुप्त प्राय होते जा रहे हैं और ऐसे बनावटी परिवेश में व्यक्ति तथा समाज अपनी भौतिक मानसिक विलासिता तथा सफलता के दायरे में सिमट कर रह गया है। इसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति अत्यंत उन्मुक्त निसंकोच तरीके से असत्य का सहारा लेने से भी नहीं चूक रहा है।

# कोई पीछा कर रहा है...महिला ने समंदर में लगाई छलांग, कांस्टेबल ने बचाई जान, मुंबई पुलिस ने बयां की स्टोरी

**मुंबई पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने अपनी जान पर खेलकर अरब सागर में डूब रही एक महिला की जान बचाई। विभाग के अफसरों ने उनकी तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट लिखा है। महिला को डर था कि उसका कोई पीछा कर रहा है। महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई पुलिस के एक कांस्टेबल साईनाथ देवडे ने ऐसा काम किया, जिसकी लोग तारीफ कर रहे हैं। साईनाथ ने समंदर में डूब रही 53 साल की महिला को अपनी जान पर खेलकर बचा लिया। महिला का नाम वेनेतिया सरिता क्रासटा है। वह बांद्रा वेस्ट की रहने वाली है। जब उसे समंदर से बाहर निकाला गया तो वह बेहोश थी। उसे तुरंत भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उसकी हालत स्थिर है। वह पिछले 20 सालों से मानसिक बीमारी से परेशान चल रही थी। परिवार को इस घटना पर कोई शक नहीं है।मानसिक तौर से बीमार है महिलामुंबई पुलिस ने पर पोस्ट किया कि 53 साल की एक मानसिक रूप से बीमार महिला बांद्रा बैंडस्टैंड पर समुद्र में कूद गई। उसे लग रहा था कि कोई उसका पीछा कर रहा है। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कांस्टेबल साईनाथ देवडे ने तुरंत पानी में छलांग लगाई और उसे बचा लिया। बांद्रा पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर संजय मराठे ने बताया कि महिला अब खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि वह पिछले 20 सालों से मानसिक बीमारी से जूझ रही है और उसका इलाज चल रहा है। महिला के परिवार की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि महिला को सही मानसिक स्वास्थ्य सेवा मिले। फिलहाल कांस्टेबल देवड़े की बहादुरी की हर कोई तारीफ कर रहा है।

# मीरा रोड के बाद पुणे मनसे कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी, राज ठाकरे के खिलाफ पोस्ट पर बोल दिया हमला-वीडियो

**महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने मुंबई की मीरा रोड पर मराठी नहीं बोलने पर एक दुकानदार की पिटाई की थी। उसे कई थप्पड़ मारे थे। इस घटना बाद पुणे में भी मनसे कार्यकर्ताओं की दबंगई सामने आई है। राज ठाकरे के खिलाफ पोस्ट से भड़के कार्यकर्ताओं ने बवाल काटा।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणे/मुंबईः मुंबई की मीरा रोड पर मराठी नहीं बोल पाने पर दुकानदार पिटाई की घटना के बाद मनसे कार्यकर्ताओं ने पुणे में भी आंतक सामने आया है। पुणे में मनसे कार्यकर्ताओं ने राज ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के लेकर बवाल काटा। मनसे के कार्यकर्ताओं ने पुणे के निवासी केदार सोमन के घर पर हमला किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को किसी तरह से संभाला। बाद में राज ठाकरे के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट करने के लिए केदार सोमन को माफी मांगनी पड़ी। मनसे के कार्यकर्ता मीरा रोड की घटना के बाद पहले से विवादों में हैं। घटना पर क्या बोली पुणे पुलिस ?स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार राज ठाकरे के खिलाफ आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट करने पर वनाज निवासी के घर पहुंचे। वहां पर उन्होंने दरवाजे पर पैर पटके और माफी मंगाने के लिए कहा। कार्यकर्ता राज ठाकरे के खिलाफ पोस्ट से नाराज थे। बाद में केदार सोमन नामक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर सामने एक वीडियो में माफी मांगी। फ्री प्रेस जर्नल ने कोथरुड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप देशमाने से बात की, तो उन्होंने कहा कि मनसे कार्यकर्ताओं ने सोमन पर शारीरिक हमला नहीं किया। देशमाने ने कहा कि अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। हमें मनसे कार्यकर्ताओं से एक शिकायत पत्र मिला है। हम पोस्ट के तथ्यों की पुष्टि कर रहे हैं।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

इस बीच एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें मनसे कार्यकर्ता सोमन के घर का दरवाजा पीटते हुए, ठाकरे के खिलाफ पोस्ट के लिए उन्हें गाली देते हुए और उनसे माफी मांगने की मांग करते हुए दिखाई दे रहे हैं, हालांकि सोमन का दरवाजा बंद रहा। अंदर काम कर रही एक महिला ने दरवाजा नहीं खोला। महाराष्ट्र में मनसे कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी ऐसे वक्त सामने आई है जब राज्य में कुछ महीने बाद स्थानीय निकाय के चुनाव होने हैं। इससे पहले हिंदी अनिवार्यता के मुद्दे पर सरकार के पीछे हटने के बाद राज ठाकरे अपने भाई उद्धव ठाकरे के साथ मंच साझा कर रहे हैं। वह पांच जुलाई को मुंबई के वर्ली डोम सभागार में मराठी विजय दिवस मनाएंगे।

फास्ट ट्रैक

# रेलवे में पहली बार बल्क सीमेंट मूवमेंट के लिए विशेष टैंक कंटेनरों से परिवहन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। कंटेनरों में सीमेंट लोड करने की सुविधा के साथ बल्क सीमेंट मूवमेंट ने एक नए युग में प्रवेश किया है। कॉनकॉर ने थोक सीमेंट को बैग के स्थान पर लूज (खुली) में परिवहन की सुविधा के लिए पहली बार विशेष टैंक कंटेनर उपलब्ध करवा कर भारत में सीमेंट लॉजिस्टिक्स को बदलने में एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। आंध्र प्रदेश के मेलचेरुवु में माई होम सीमेंट साइडिंग (एमएमएचएम) से बैंगलोर में कॉनकॉर आईसीडी व्हाइटफील्ड तक इन विशेष टैंक कंटेनरों की वास्तविक समय की आवाजाही सफलतापूर्वक शुरू हो गई है। यह पहल भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को अभिनव और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे के निरंतर प्रयासों में एक और मील का पत्थर है। इन टैंक कंटेनरों को रेल नेटवर्क के माध्यम से सीमेंट के कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल मूवमेंट को सक्षम करके सीमेंट उद्योग का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे पारंपरिक बैग वाले परिवहन पर निर्भरता काफी कम हो जाती है। यह न केवल सीमेंट कंपनियों की परिचालन दक्षता को बढ़ाता है बल्कि भारत के हरित और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लक्ष्य के अनुरूप भी है। अपनी मजबूत अवसंरचना और बहुविध क्षमताओं का लाभ उठाकर, कॉनकॉर उद्योगों को अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स समाधानों से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो लागत प्रभावी और पर्यावरण हितैषी हैं।

# झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड में ब्लॉक के कारण ट्रेन संख्या 13426/13425 सूरत मालदा टाउन प्रभावित



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा गुड्स यार्ड के यार्ड रिमॉडलिंग संबंधी कार्य हेतु सितंबर, 2025 में एक ब्लॉक की योजना बनाई गई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक के कारण प्रभावित होने वाली ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः-

निरस्त होने वाली ट्रेनें:

1. 8 सितंबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।
2. 6 सितंबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 13425 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

रिशेड्युल होने वाली ट्रेनः

1. 1 सितंबर, 2025 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस सूरत स्टेशन से 06.00 बजे रिशेड्युल होगी।

# आप नंबर भेजिए, हम बैल भेजते हैं...बुजुर्ग दंपती को खेत जोतने देखकर मदद को आगे आए अभिनेता सोनू सूद

**महाराष्ट्र में किसानों की दुर्दशा को लेकर विपक्ष विधानसभा के सत्र में जहां सरकार पर आक्रामक है तो वहीं लातूर में बुजुर्ग किसान दंपती के खुद खेत जोतने के मामले में सोनू सूद ने मदद को हाथ बढ़ाया है। सोनू सून ने बैल भेजने का वादा किया है। इस बीच प्रशासन भी सक्रिय हो गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में किसानों के मुद्दे पर मचे घमासान के बीच बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद सुर्खियों में आ गए हैं। कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था। इसमें खेते जोतने के लिए जब एक किसान को बैल नहीं मिले तो बुजुर्ग दंपती ने खुद ही खेत जोतने का फैसला किया था।हृदय विदारक ने इंटरनेट पर एक अलग बहस छेड़ दी थी। इस वीडियो के वायरल होने पर फिल्म अभिनेता सोनू सूद मदद को आगे गए थे। उन्होंने लिखा था आप नंबर भेजिए मैं बैल भेजता हूं। महाराष्ट्र के लातूर का यह वीडियो देश भर की सुर्खियों में है। किसान के मीडिया में आए वीडियो पर सोनू सूद का रिप्लाई वायरल हो गया है। एक्स पर सोनू सूद ने लिखा है कि हमारे इस किसान भाई को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।किसान ने लगाई ये गुहारसामने आया वीडियो में एक 76 वर्षीय किसान अपनी पत्नी के साथ खेत जो रहे हैं। इसमें वह खुद बैल बने हुए हैं। किसान का नाम अंबादास पवार है। बुजुर्ग दंपति बैल या ट्रैक्टर नहीं खरीद सकते थे। पवार ने खुलासा किया कि वह पिछले 10 सालों से अपने खेत को हाथ से जोत रहे हैं, जब उन्हें अपने बैलों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि उनके पास पैसे नहीं थे। बैलों के भरण-पोषण का खर्च उठाने में थे। किसान ने सरकार से 40,000 रुपये का कर्ज माफ करने की मांग की है और बताया है कि उसका एक बेटा शहर में काम करता है, लेकिन परिवार को उसके लिए कोई मदद नहीं मिलती। किसान का वीडियो ऐसे वक्त पर वायरल हुआ है जब महाराष्ट्र में विपक्ष किसानों की कर्ज माफी की मांग कर रहा है।प्रशासन की टूटी नींद किसान ने एएनआई से बातचीत में कहा कि पिछले 10 सालों से किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया, लेकिन किसी ने मुझे खेत जोतते हुए देखा और वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद आज लातूर के जिला अधिकारी और राज्य मंत्री ने मुझसे संपर्क किया। उधर किसान दंपत्ति के लिए कृषि विभाग ने एक ट्रैक्टर और 1.25 लाख की सहायता राशि मदद रुप में देने की घोषणा कर दी है।

# डिलीवरी ब्वॉय बनकर घर में ली थी एंट्री, पुलिस ने पुणे रेप केस का बताया पूरा सच

**महाराष्ट्र के पुणे में आईटी कंपनी में काम करने वाली 22 साल की महिला से रेप करने वाले डिलीवरी ब्वॉय का पुलिस ने स्केच तैयार कर लिया है। पुलिस ने क्राइम सीन और सीसीटीवी की जांच के बाद उसकी धरपकड़ को 10 टीमें गठित की हैं। पुलिस ने जांच में बड़े खुलासे हुए हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणेः महाराष्ट्र के पुणे में 22 साल की आईटी प्रोफेशनल के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को दबोचा है। पुलिस इस घटना के सामने आने के बाद डिलीवरी ब्वॉय बनकर घुसे शख्स की गिरफ्तारी के लिए 10 टीमों का गठन किया था। बुधवार की शाम को पुणे की एक सोसाइटी में एक अज्ञात व्यक्ति ने डिलीवरी एग्जीक्यूटिव बनकर इस घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने पेन मांगने के नाम पर महिला को अंदर भेजा था।इसके बाद फ्लैट के अंदर जाकर दरवाजा बंद करके दरिंदगी की थी। आरोपी ने उसकी तस्वीर ली और उसे वायरल करने की धमकी देते हुए एक संदेश छोड़ा था।स्प्रे छिड़कर किया बेहोशपुणे पुलिस की जांच में सामने आया है कि यह पुणे पुलिस ने कहा कि घटना शाम करीब 7.30 बजे महिला के फ्लैट में हुई, जब वह घर पर अकेली थी। उन्होंने कहा कि शहर में एक निजी आईटी फर्म में काम करने वाली महिला अपने भाई के साथ रहती है और वह किसी काम से बाहर गया था। आरोपी ने महिला को बेहोश कर दिया था। जब महिला को कुछ देर बाद होश में आया तो वह भाग चुका था। पुणे पुलिस में डीसीपी राजकुमार शिंदे के अनुसार डिलीवरी ब्वॉय बनकर आए शख्स ने पीड़िता से कहा था कि उसके लिए कूरियर में कुछ बैंक दस्तावेज आए हैं। उसने उससे पावती देने को कहा और कहा कि वह पेन भूल गया है। जब पीड़िता अंदर गई, तो संदिग्ध फ्लैट में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और फिर उसके साथ बलात्कार किया।तस्वीर खींचने के बाद छोड़ा संदेशडीसीपी राजकुमार शिंदे के अनुसार जांच से पता चलता है कि संदिग्ध ने पीड़िता के फोन पर उसकी तस्वीर खींची थी। उसने उसके फोन पर एक संदेश भी छोड़ा है जिसमें धमकी दी गई है कि अगर उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो वह तस्वीर को वायरल कर देगा और वह फिर से आएगा। डीसीपी ने कहा कि हमने 10 टीमें बनाई हैं और अपराध स्थल की फोरेंसिक जांच की गई है। कुत्तों की टीम को भी बुलाया गया है। हम सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी सुरागों की फुटेज की जांच कर रहे हैं।

# मध्य रेल ने 52 अतिरिक्त सेवाओं के लिए संशोधित संरचना के साथ एलटीटी-कानपुर विशेष ट्रेन सेवा चलाने की योजना बनाई है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल ने यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए 52 अतिरिक्त सेवाओं के लिए संशोधित संरचना के साथ लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर विशेष ट्रेन सेवा चलाने की योजना बनाई है

एलटीटी-कानपुर-एलटीटी साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष (52 सेवाएं)

04152 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष जो प्रत्येक शनिवार को 17.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान करती है और अगले दिन 15.45 बजे कानपुर पहुंचती है। इसे दिनांक 05.07.2025 से 27.12.2025 तक बढ़ा दिया गया है (26 सेवाएं)

04151 साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष जो प्रत्येक शुक्रवार को 13.00 बजे कानपुर से प्रस्थान करती है और अगले दिन 14.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचती है।इसे दिनांक 04.07.2025 से 26.12.2025 तक बढ़ा दिया गया है। (26 सेवाएँ)

ठहरावः इगतपुरी, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज, भरवारी, सिराथू और फतेहपुर

संशोधित संरचनाः एक वातानुकूलित 2-टियर, चार वातानुकूलित 3-टियर, 5 शयनयान श्रेणी, 8 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन। आरक्षणः विशेष ट्रेन संख्या 04152 की विस्तारित यात्राओं के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइटhttp://www.irctc.co.in पर खुली है।

उक्त विशेष ट्रेन के ठहराव एवं समय की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www. enquiry. indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें

# कूरियर डिलीवर करने आया, मांगा पेन, फिर युवती को स्प्रे से बेहोश कर रेप, पुणे में दहला देने वाली घटना

**पुणे के कोंढवा इलाके में एक 22 वर्षीय युवती के साथ उसके फ्लैट में कूरियर एजेंट ने बलात्कार किया। डिलीवरी के बहाने आए युवक ने युवती को अकेला पाकर वारदात को अंजाम दिया, आपत्तिजनक तस्वीरें खींची और वीडियो बनाया। युवती पर स्प्रे छिड़कर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी का स्केच जारी किया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पुणे : महाराष्ट्र की यह खबर हिला देने वाली है। पुणे शहर के कोंढवा इलाके में एक 22 वर्षीय युवती के साथ उसके फ्लैट में बलात्कार किया गया। हैरानी की बात यह है कि रेप करने वाला कोई और नहीं बल्कि कूरियर एजेंट था। वह बिल्डिंग में डिलीवरी करने आया था। जिस समय घटना हुई, युवती घर पर अकेली थी। शख्स ने उसका रेप किया, उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींचीं और वीडियो बनाया। उसके बाद केमिकल वाले स्प्रे से उसे बेहोश करके भाग गया।वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम करीब 7:30 बजे कोंढवा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हुई। पीड़िता एक निजी कंपनी में काम करती है। उसका भाई किसी काम से बाहर गया था तथा घटना के समय वह फ्लैट में अकेली थी।कूरियर डिलीवर करने के बहाने आया थापुलिस ने बताया कि रात में करीब 7:30 बजे, एक डिलीवरी बॉय बैंक का लिफाफा लेकर 22 वर्षीय युवती के फ्लैट में घुसा। उसने युवती को कूरियर दिया और उससे साइन करने को कहा। युवक ने कहा कि उसके पास पेन नहीं है इसलिए वह अंदर से पेन लाकर साइन कर दे।पेन लेने अंदर आई युवती, पीछे से घुसायुवती जैसे ही घर के अंदर पेन लेने गई। युवक उसके पीछे से अंदर गुस गया। उसके बाद दरवाजा बंद कर दिया। युवती चिल्ला न पाए इसलिए उसे दबोचकर उसका मुंह बंद कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ऊउढ शिंदे ने बताया कि कुल 10 टीमें बनाई गई हैं। इनमें पांच क्राइम ब्रांच की और पांच जोनल टीमें शामिल हैं। ये टीमें आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं युवती पर डाला स्प्रेपुलिस के अनुसार, घटना के बाद महिला बेहोश हो गई थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स को मौके पर बुलाया गया। युवती ने कहा कि युवक ने उसके ऊपर कुछ स्प्रे से छिड़का था, जिसके चलते वह बेहोश हो गई थी। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या महिला पर कोई स्प्रे किया गया था।

# मराठी नहीं बोलने पर गुजरात के कारोबारी की पिटाई, विरोध में मीरा भाईंदर बंद आज, प्रदर्शन जारी

**मीरा भाईंदर में मराठी भाषा को लेकर हुई मारपीट के विरोध में मारवाड़ी समुदाय ने 3 जुलाई को बंद बुलाया है। यह बंद सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध में शामिल होने की अपील की गई है। मुंबई के मारवाड़ी संगठनों ने भी बंद को समर्थन दिया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : मीरा भाईंदर में जोधपुर स्वीट्स के व्यवसायी के साथ मराठी भाषा को लेकर की गई मारपीट के विरोध में समस्त मारवाड़ी समुदाय (36 कौम ) और व्यावसायिक संगठनों ने 3 जुलाई को बंद बुलाया है। यह बंद सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। सभी व्यापारियों से अपील की गई है कि वे प्रतिष्ठान बंद रखकर इस शांतिपूर्ण विरोध में शामिल हैं। मीरा रोड की दुकानों पर ताला लटका है। कारोबारी सड़क पर हैं। कुछ ने सड़क पर इस हरकत के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों ने कहा कि सख्त एक्शन नहीं हुआ तो वे अपना आंदोलन और बढ़ाएंगे।इस बंद को मुंबई के मारवाड़ी संगठनों ने भी अपना समर्थन दिया है। व्यापारियों का कहना है कि यदि इस निंदनीय घटना पर आज सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में किसी भी कारोबारी के साथ यह हो सकता है।मुंबई के मारवाड़ी संगठनों ने भी अपना समर्थन दियाइस संबंध में गुरुवार सुबह 11 बजे सीमा के आईमाता भवन ( वडेर भवन ) प्रांगण में सभी व्यापारी एकत्र होंगे और वहां से पुलिस उपायुक्त कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपेंगे। मीरा- भाईंदर मेडिकल असोसिएशन के सह- सचिव डॉ. दिनेश चौधरी ने कहा, 'हम किसी भी भाषा का विरोध नहीं करते, लेकिन हम हिंसा और मारपीट का कड़ा विरोध करते हैं।'


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(जल अभियंता का विभाग)

क्र. एचई/एईओसी/1717/टीएम

दिनांक : 03.07.2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई मनपा आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभ तिथि एवं समय तथा बोली समाप्ति तिथि व समय संबंधित विस्तृत जानकारी बीएमसी की वेबसाइट के टेंडर सेक्शन व महाटेंडर पोर्टल पर विस्तृत निविदा सूचना में उपलब्ध है.

| अ. क्र. | निविदा आईडी | कार्य का नाम |
| --- | --- | --- |
| 1 | 2025_एमसीजीएम_1196896_1 | एईओसी (टीएम) डिविजन अंतर्गत डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान तथा सीटीएस प्लॉट क्र. 96 पर प्री-फैब्रिकेटेड पोर्टेबल युनिट्स की आपूर्ति एवं स्थापना तथा अन्य संबद्ध कार्यों का कार्य. |

इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी हेतु http://portal.mcgm.gov.in पर बीएमसी वेबसाइट तथा http://mahatenders.gov.in पर महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट का अवलोकन करें.

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(मुख्य कार्य) वॉटर वर्क्स

पीआरओ/882/विज्ञा./2025-26

सड़क पर खुले में रखे खाद्य पदार्थ, कटे हुये फल और पेय पदार्थों का सेवन ना करें.



## पश्चिम रेलवे

ओएचई कार्य

वरि.डीईई/टीआरडी /एनएस / बीसीटी द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांकः ईएल-टीआरडी-डब्ल्यू-118-24-25-2-आर-3 दिनांक 28.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नामः** मुंबई मंडल के विरार-डहाणू रोड अनुभाग में कॉन्टैक्ट एवं कैटनरी वायर के अपग्रेडेशन के जरिए ओएचई संपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार. **विज्ञापित मूल्यः** रु. 13,35,90,855/- , **बयाना राशिः** रु. 8,18,000/-, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** : 23.07.2025 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : 23.07.2025 को 15:30 बजे, विस्तृत जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. **0348**

Like us on : facebook.com/WesternRly



## मध्य रेल

सोलापुर विभाग

इंजीनियरिंग कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदये आमंत्रित करते है. **निविदा क्र. 20-2025-SrDENC. कार्य का नाम:** Cess repair work under ADEN/LUR sub-division. **अनुमानित लागत रु:** Rs. 2,49,53,226.48 ; **बयाना राशि:** Rs. 2,74,800.00 ; **समापन की अवधी:** 12 Months ; **रखरखाव अवधि:** 12 Months ; **निविदा क्र. 21-2025-SrDENC. कार्य का नाम:** Cess repair work under ADEN/PVR sub-division. **अनुमानित लागत रु:** Rs. 2,49,87,038.44 ; **बयाना राशि:** Rs. 2,74,900.00 ; **समापन की अवधी:** 12 Months ; **रखरखाव अवधि:** 12 Months ; **निविदा क्र. 22-2025-SrDENC. कार्य का नाम:** Cess repair work under ADEN/KWV(BG) sub- division. **अनुमानित लागत रु:** Rs. 2,48,85,602.56 ; **बयाना राशि:** Rs. 2,74,400.00 ; **समापन की अवधी:** 12 Months ; **रखरखाव अवधि:** 12 Months ; **निविदा क्र. 23-2025-SrDENC. कार्य का नाम:** Hiring of truck of 10 MT capacity for transportation of P Way materials for 1500 kms per month for 1) SSE/P.Way/JH & KWV(N) under ADEN/KWV(BG),2) SSE/P.way/LUR & BTW under ADEN/LUR and 3) SSE/P.way/PVR & MRJ under ADEN/PVR for period of 2 years under Sr.DEN/C/SUR section in Solapur division. (Total 06 nos.of trucks for 10 MT capacity for period of 2 year). **अनुमानित लागत रु:** Rs. 1,47,21,237.51 ; **बयाना राशि:** Rs. 2,23,600.00 ; **समापन की अवधी:** 24 Months ; **रखरखाव अवधि:** NIL ; **www.ireps.gov.in** इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय: 28.07.2025 को 15.00 बजे तक. **www.ireps.gov.in** इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 28.07.2025 को 15.30 बजे. निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोई बदलाव / शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in**. परटेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

**मंडल रेल प्रबंधक(कार्य), सोलापुर**

खतरनक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है SLP-50



## मध्य रेल

सोलापुर विभाग

विद्युत कार्य

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए - ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेलवे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.:-** सोला /वि/नि/2025/01 (R). **कार्य का नाम:** तीन वर्ष की अवधि के लिए सोलापुर मंडल में डीजी सेटों की स्थिति की निगरानी और रखरखाव। (पुनः आमंत्रण). **कार्य की लागत:** रू. 29,66,713.29/-; **बयाना राशि:** रू 59300/-; **कार्य पुरा करने की अवधि:** 36 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन ; **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 25/07/2025 को 15.00 बजे।

**Tender No. SUR/L/T/2025/01(R)**

**Sr.DEE/SUR**

अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे SLP-48



## मध्य रेल

ओएचई संशोधन कार्य

खुली निविदा सूचना स. BB.LD.585. W.880. CONT. **कार्य का नाम:** सीएसएमटी-कल्याण उपनगरीय मार्ग पर 15 कार ईएमयू सेवाओं के संचालन के संबंध में, मुंबई मंडल के मुंब्रा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 और प्लेटफॉर्म संख्या 2 में 25 केवी एसी ओएचई संशोधन कार्य । **अनुमानित लागत ₹:** 1,12,22,065.07/-; **बिड सिक्योरिटी ₹:** 2,06,100/- ; **ऑफर की वैधता:** 60 दिन ; **समापन अवधि:** 02 महीने ; **निविदा फार्म का मूल्य ₹:** 0 ; I) उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय : दिनांक 22-07-2025 को 11.00 बजे तक, और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। II) शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। III) केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई- टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है । हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। IV) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। V) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001। फोन - 022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001 के 'नोटिस बोर्ड' पर भी उपलब्ध है ।

**खुली निविदा सूचना स. BB.LD.585. W.880. CONT दिनांक: 30-06-2025.**

खतरनक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है 217

# बदलापुर में आमदार किसन कथोरे के निवास स्थान के सामने दो गुटों में गोलीबारी,एक युवक घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



बदलापुर. बदलापुर गांव में स्थानीय भाजपा आमदार किसन कथोरे के निवास स्थान के सामने स्थित बोराटपाड़ा मुरबाड़ की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर गुरुवार दोपहर को दो गुटों के आपसी संघर्ष में गोलीबारी की घटना घटित हुई है। आरोपी ने दो राउंड गोली चलाई जिसमें अल्ताफ करीम शेख नाम के एक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है जिसे बदलापुर के ही सहयाद्रि हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती किया गया हैं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और घटना के कारणों पर जांच कर रही है। आमदार निवास के बाहर दिनदहाड़े हुई इस अप्रत्याशित घटना से आसपास के परिसर में भय का माहौल व्याप्त हो गया है ।डीसीपी सचिन गोरे का कहना है कि यह घटना बदलापुर पश्चिम पुलिस थाने में गठित हुई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसपर समुचित धाराओं के आधार पर कार्यवाही की जा रही है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने 124 अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ की कार्रवाई

## अकेले शील में 18 अनधिकृत इमारतें की गई ध्वस्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , महानगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने प्रभाग समिति के बीट निरीक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षण और माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निदेर्शों के तहत पाए गए 124 अनधिकृत निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई की है। यह कार्रवाई 19 जून से नियमित रूप से चल रही है और इसमें एमके कंपाउंड, शील में 18 इमारतों को ध्वस्त करना भी शामिल है। ठाणे मनपा क्षेत्र में अतिक्रमण विरोधी दस्ता 19 जून से नियमित रूप से कार्रवाई कर रहा है। इसके लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने नौ प्रभाग समिति क्षेत्रों में उपायुक्त स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष दल नियुक्त किए हैं। इस अभियान में प्रभाग समिति क्षेत्र में बीट निरीक्षकों द्वारा पंजीकृत और वर्तमान में चल रहे अनधिकृत निमार्णों को ध्वस्त करने को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही, यदि अनधिकृत निमार्णों की शिकायत है, तो उस पर ध्यान देकर उन निमार्णों को भी ध्वस्त किया जा रहा है। उपायुक्त (अतिक्रमण विभाग) शंकर पटोले ने बताया कि इन निमार्णों में और भी अतिरिक्त निर्माण शामिल हैं। मनपा क्षेत्र में अनधिकृत चाल, अनधिकृत रूप से अवैध निर्माण, अतिरिक्त शेड, अतिरिक्त निर्माण, आरसीसी भवन निर्माण, अनधिकृत बंगले, नालियों के किनारे निर्माण, अनधिकृत टर्फ के खिलाफ कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी। हरित क्षेत्रों में निमार्णों की तलाश कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही खाड़ी किनारे और अनधिकृत भराव के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है, उपायुक्त पटोले ने बताया। इस बीच, शील स्थित एम.के. कंपाउंड में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कुल 21 इमारतों की बेदखली की कार्रवाई चल रही है। इनमें से 18 इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है। शेष इमारतों को बेदखल करने की कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई परिमंडल उपायुक्त मनीष जोशी, मंडल उपायुक्त शंकर पटोले, सचिन सांगले की मौजूदगी में की गई।

फास्ट ट्रैक

# भद्राशिला नदी के पुनर्जीवन की पहल

## डीएम ने 120 किमी लंबी नदी का किया निरीक्षण, 9 महत्वपूर्ण स्थल चिह्नित



शाहजहांपुर, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने पौराणिक महत्व की भद्राशिला नदी का निरीक्षण किया। यह नदी लगभग 120 किलोमीटर की लंबाई में फैली है। जिलाधिकारी ने नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए विशेषज्ञों से विचार-विमर्श करने का निर्णय लिया है। नदी के पुनर्जीवन के लिए 9 महत्वपूर्ण स्थलों को चिह्नित किया गया है। इनमें राहदेव गौटिया बाली झाल, गुलौलाखेड़ा, नारायणपुर पट्टी करमु, सरैया मोड़ मंदिर और मोहनपुर पुलिया शामिल हैं। साथ ही मदरौली-प्रतापपुर पुलिया, चड्यूरा बहादुरपुर, रूपापुर और कोलाघाट रोड स्थित त्रिवेणी संगम स्थल को भी चुना गया है। त्रिवेणी संगम पर बहगुल, रामगंगा और भद्राशिला नदियां मिलती हैं। जिलाधिकारी ने भद्राशिला तट पर सत्यनारायण भगवान की कथा और आरती में भी हिस्सा लिया। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे स्थलों की भौगोलिक, तकनीकी और पर्यावरणीय रिपोर्ट तैयार करें। जिलाधिकारी का मानना है कि इन स्थलों पर योजनाबद्ध कार्यवाही से नदी का पुनर्जीवन संभव है। इससे क्षेत्र पर्यटन, धार्मिक और जैविक दृष्टि से समृद्ध बन सकता है।

# विधवा महिला के जेवर हड़पने का मामला

## मायके वालों पर मुकदमा, माता-पिता, भाई-बहन पर धोखाधड़ी का आरोप



शाहजहांपुर, अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ उसके परिवार ने ही धोखा किया है। नीलम देवी ने अपने माता-पिता, भाई और बहन पर करीब 3 लाख रुपए के जेवर हड़पने का आरोप लगाया है। नीलम की शादी जलालाबाद के खाईखेड़ा गांव के मृगेंद्र सिंह से हुई थी। 2010 में पति की मृत्यु के बाद वह अपने मायके ककराला गांव में रहने लगी। नीलम के अनुसार, उसके भाई जितेंद्र, माता रामश्री, पिता रामरतन और बहन अंजुमा ने उसके जेवर सुरक्षित रखने का वादा किया था। जेवरों में एक सोने का हार, सोने की टीका, 200 ग्राम चांदी की पायल, चांदी का बिछुआ, पति की सोने की अंगूठी, एक घड़ी और उसकी बेटी के चांदी के कंगन व पायल शामिल थे। जब नीलम ने जेवर वापस मांगे, तो परिवार ने बहाने बनाकर टाल दिया। आरोप है कि परिवार ने उसके साथ मारपीट की और धमकी दी कि अगर दोबारा जेवर मांगे तो उसे बदनाम कर देंगे या जान से मार देंगे। जिला अधिकारी के आदेश पर अल्लाहगंज पुलिस ने बृहस्पतिवार दोपहर 3 बजे चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्रों को नुकसान पहुंचा रहे अनाधिकृत स्कूलों को सील करें: संजय केलकर

## औचित्य के मुद्दे पर विधानसभा में उठी मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ( यूनिस खान ) मुंब्रा और दिवा में 81 अनाधिकृत स्कूल हैं, जिनमें से केवल तीन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। विधायक संजय केलकर ने विधानसभा अधिवेशन में आरोप लगाया कि अधिकारियों की मिलीभगत से ये स्कूल खोले गए हैं। इन स्कूलों के कारण छात्रों का शैक्षणिक भविष्य खतरे में है। उन्होंने मांग की कि इन स्कूलों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए और औचित्य के मुद्दे पर इन्हें सील किया जाए। ठाणे, मुंब्रा और दिवा क्षेत्रों में अनाधिकृत स्कूलों की संख्या 81 तक पहुंच गई है, जिनमें से अकेले दिवा में 70 स्कूल हैं। पिछले 21 महीनों में दिवा में 39 अनाधिकृत स्कूल जुड़ गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इन सभी स्कूलों के संस्था मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बावजूद केवल तीन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन स्कूलों पर 65 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है, जो अभी तक वसूल नहीं किया गया है। इस पृष्ठभूमि में यहां के अधिकृत विद्यालयों ने बंद का आह्वान किया था तथा विधायक केलकर से मिलकर अपना पक्ष रखा था। अनधिकृत विद्यालयों से न केवल अभिभावकों को नुकसान होता है, बल्कि भविष्य में विद्यार्थियों को भी भारी नुकसान होता है, इसलिए केलकर ने अधिवेशन में औचित्य के आधार पर इन विद्यालयों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की मांग की है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है तथा अनधिकृत विद्यालयों के अभी भी संचालित होने से विद्यार्थियों को भारी नुकसान होगा। ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध विभिन्न एजेंसियां कार्रवाई कर रही हैं, लेकिन मिलीभगत के कारण ये विद्यालय अभी भी संचालित हो रहे हैं, बल्कि इनकी संख्या बढ़ती ही जा रही है, ऐसा खेद केलकर ने व्यक्त किया। चूंकि अब तक केवल तीन विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है, इसलिए यह प्रश्न उठता है कि झाड़ी का शुक्राचार्य कौन है। केलकर ने मांग की है कि इन विद्यालयों के पानी व बिजली के कनेक्शन काटे जाएं तथा इन्हें सील किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को होने वाले संभावित शैक्षणिक नुकसान से बचा जा सके।

# अंबरनाथ के प्राचीन शिवमन्दिर परिसर में मुंबई पुरातत्व विभाग का निरीक्षण दौरा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. वालधुनी नदी किनारे अवस्थित अंबरनाथ के प्राचीन ऐतिहासिक शिवमन्दिर परिसर में चल रहे अंबरनाथ नगरपरिषद द्वारा उत्खनन, अतिक्रमण, वालधुनी नदी के पात्र और किनारे का कांक्रीटीकरण और निर्माण कार्यों के विरुद्ध हिराली फाउंडेशन के द्वारा निरंतर शिकायत दर्ज की जाती रही है और मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रशासन को कार्यवाही करने के लिए पत्राचार भी किया जाता रहा है। हिराली फाउंडेशन का मानना है कि उक्त खुदाई और निर्माण कार्य के कारण प्राचीन शिव मंदिर में दरारें आ गई हैं। इस प्रकार की शिकायत फाउंडेशन की अध्यक्षा एडवोकेट सरिता खानचंदानी द्वारा पुरातत्व विभाग मुंबई में की गई जिसके प्रत्युत्तर में मुंबई पुरातत्व विभाग के प्रमुख डॉ. अभिजीत आंबेकर अपने अन्य सहयोगियों के साथ शिवमंदिर अंबरनाथ में 2 जुलाई को स्थल निरीक्षण करने के लिए आए थे। निरीक्षण के बाद उन्होंने मंदिर की मरम्मत कराकर मंदिर को व्यवस्थित करने का आश्वासन दिया।

# कीटनाशक छिड़काव के दौरान किसान की मौत

- 18 किलोमीटर दूर खेत पर करने गए थे काम, अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, थाना रोजा क्षेत्र में एक किसान की कीटनाशक छिड़काव के दौरान जहर के असर से मौत हो गई। हथौड़ा बुजुर्ग गांव के 45 वर्षीय अवनीश कुमार बुधवार दोपहर को अपने खेत पर कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे। छिड़काव के दौरान वह कीटनाशक की चपेट में आ गए। घर से 18 किलोमीटर दूर स्थित खेत से वापस लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन तुरंत उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। डॉक्टरों ने लगभग एक घंटे तक उनका इलाज किया। हालांकि, उनकी जान नहीं बच सकी। परिजनों ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमॉर्टम की मांग की है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अवनीश अपनी पत्नी अर्चना देवी और तीन बच्चों के साथ रहते थे। वह खेती-बाड़ी से परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके बच्चे भी खेती में मदद करते थे। अवनीश की अचानक मौत से परिवार में शोक की लहर है।

# शाहजहांपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

## युवती के साथ बाइक से जाते समय हुआ हादसा, दिल्ली में करता था प्राइवेट नौकरी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक सड़क हादसे में दिल्ली में प्राइवेट जॉब करने वाले युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लानगर निवासी फैसल बेग के रूप में हुई है। घटना मदनापुर थाना क्षेत्र के गुलेलाखेड़ा के पास की है। फैसल अपने चाचा शादाब की बाइक से एक युवती को ले जा रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। हादसे में फैसल की मौके पर मौत हो गई। बाइक पर पीछे बैठी युवती घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। फैसल के पिता ने बताया कि उनका बेटा दिल्ली में प्राइवेट जॉब करता था। दो दिन पहले उसने नाइट शिफ्ट में काम करने जाने की बात कही थी। बुधवार की सुबह फोन नहीं लगा। वह हरदोई स्थित अपने घर पहुंच गया। शाम करीब 5 बजे चाचा की बाइक लेकर बाजार जाने की बात कहकर निकला। परिजनों को रात करीब 12 बजे दरोगा के फोन से हादसे की जानकारी मिली। पिता ने बताया कि वे युवती को नहीं जानते। उनका मदनापुर में कोई रिश्तेदार भी नहीं है। युवती मदनापुर थाना क्षेत्र की रहने वाली बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिता ने बताया कि वह पिछले पांच साल से दिल्ली में हैं और बेटे दो साल पहले ही दिल्ली में काम करने गए थे। उन्होंने कहा कि फैसल ने कभी भी उस युवती के बारे में चर्चा नही की। अगर कुछ बताता तो उसको समझाते और युवती से दूर जाने के लिए कहते। वहीं इस हादसे के बाद से मदनापुर थाना प्रभारी से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार कॉल की लेकिन उन्होंने सीयूजी नंबर पर कॉल रिसीव नही की। सीओ सदर प्रयांक जैन ने कहा कि युवक हरदोई का है। दोनो के बीच रिश्ता क्या है, इसकी जानकारी नही है।

# जमीन विवाद में छात्र की हत्या

## 17 साल के लड़के को गोली मारी, ननिहाल में रहकर करता था पढ़ाई



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुवायां थाना क्षेत्र के गांव कुवंरपुर जप्ती में एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अपूर्व अवस्थी (17) के रूप में हुई है। वह लखीमपुर खीरी के थाना सिकंदराबाद के गांव भीखमपुर का रहने वाला था। अपूर्व अपनी ननिहाल में रहकर दसवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। घटना के दिन वह सुबह स्कूल गया था। मृतक के मामा मनोज मिश्रा ने बताया कि परिवार में जमीनी विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी विवाद के कारण उनके भांजे की हत्या की गई। गंभीर हालत में अपूर्व को पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्र की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

# ओसीएफ कर्मचारियों की तीन प्रमुख मांगें

## पुरानी पेंशन, कैशलेस इलाज और वेतन आयोग गठन के लिए प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, आर्डनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री और टीसीएल ग्रुप के बीपीएमएस हेड योगेंद्र सिंह चौहान ने कर्मचारियों की सभा को संबोधित किया। चौहान ने कहा कि 2004 के बाद भर्ती हुए सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना दी जाए।

उन्होंने एनपीएस या यूपीएस को स्वीकार करने से इनकार किया। भारतीय मजदूर संघ के प्रयासों से वेतन आयोग की घोषणा तो हो गई है, लेकिन अभी तक इसका गठन नहीं हुआ है। कैशलेस इलाज की सुविधा कर्मचारियों की एक अन्य मांग सीजीएचएस अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा है। मजदूर संघ की कोशिशों से ओवरटाइम एरियर का 50 प्रतिशत भुगतान कराया जा चुका है। शेष राशि और सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भुगतान जल्द किया जाएगा। कच्चे माल की कमी कर्मचारियों ने फैक्ट्री में कच्चे माल की कमी का मुद्दा भी उठाया। सभा में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के अध्यक्ष दिनेश सिंह मौजूद रहे और कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनुज सक्सेना ने किया। कर्मचारियों ने फैक्ट्री गेट पर रैली निकाली और महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

# यूपी में 5000 स्कूलों के विलय का विरोध

- कांग्रेस का प्रदर्शन, कहा- ग्रामीण शिक्षा को नुकसान, युवाओं के सपनों को कुचला जा रहा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, कांग्रेस कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर उत्तर प्रदेश सरकार के 5000 प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों के विलय के फैसले का विरोध किया। कार्यकताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि यह फैसला शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के विरुद्ध है। उनका कहना है कि इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को 3-4 किलोमीटर दूर स्कूल जाना पड़ेगा। इससे गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की संख्या बढ़ सकती है। विरोध प्रदर्शन में कहा गया कि अभिभावकों को समय, धन और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। मिड-डे मील कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी। बी.एड. और बी.टी.सी. डिग्रीधारी युवाओं के लिए नौकरी के अवसर कम होंगे। सरकार वापस ले फैसला कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार विलय का फैसला तुरंत वापस ले। ग्रामीण क्षेत्रों में नए स्कूल खोले जाएं। मिड-डे मील कर्मचारियों और शिक्षकों की नौकरियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पदाधिकारियों ने कहा कि उनकी पार्टी छात्रों, युवाओं और बेरोजगारों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला

## फुमथम वेचायाचाई को जिम्मेदारी, सूर्या 24 घंटे पीएम रहे; इससे पहले शिनावात्रा को कोर्ट ने हटाया था

एजेंसी

बैंकॉक, थाईलैंड को दो दिन में दूसरा प्रधानमंत्री मिला है। गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने गुरुवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालीं। उन्होंने 24 घंटे प्रधानमंत्री रहे सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट की जगह ली है। सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट को बुधवार को देश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। 70 साल के सूर्या ने निलंबित प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनावात्रा की जगह ली थी, जिन्हें 1 जून को पद से हटाया गया था। पैतोंगतार्न शिनावात्रा के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के एक बड़े नेता के साथ फोन पर बातचीत की, जो सार्वजनिक हो गई और इसे मंत्री पद के नैतिक नियमों का उल्लंघन माना गया। थाई सरकार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर बताया कि नए मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फुमथम को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाने पर सहमति बनी। यह बैठक तब हुई जब थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। पीएम



पाइतोंग्तार्न का कंबोडिया के नेता के साथ बातचीत का एक वीडियो लीक हो गया था। इसमें ढट पाइतोंग्तार्न, कंबोडिया के नेता हुन सेन को चाचा कहती है और थाई सेना प्रमुख को अपना विरोधी बताती हैं। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा विवाद चल रहा है। ऐसे में विपक्षी पार्टी ने इसे मुद्दा बना लिया। ढट पर कंबोडिया के सामने झुकने और सेना को कमजोर करने के आरोप लगे। सीमा विवाद के दौरान हुई इस टिप्पणी के कारण पैतोंगतार्न पर इसके चलते उनकी लोकप्रियता घटी, गठबंधन के कुछ साथी दलों ने साथ छोड़ दिया और हजारों लोग विरोध में सड़कों पर उतर आए। कोर्ट ने कहा कि पाइतोंग्तार्न ने मंत्री पद की नैतिकता का उल्लंघन किया है। इसके बाद उन्हें पद से हटा दिया। थाईलैंड की राजनीति में पिछले 2 दशक से शिनावात्रा परिवार का बहुत गहरा असर रहा है। जितनी बार इस परिवार ने सत्ता में वापसी की, लगभग उतनी ही बार उन्हें विवादों और सत्ता से बाहर निकाले जाने का भी सामना करना पड़ा है। अब एक बार फिर यही कहानी दोहराई गई है। शिनावात्रा परिवार का राजनीतिक उदय 2001 में तब शुरू हुआ जब थाकसिन शिनावात्रा ने भारी जनसमर्थन के साथ प्रधानमंत्री पद संभाला। उन्होंने गरीबों व ग्रामीण लोगों के लिए सस्ता स्वास्थ्य, कर्ज और विकास योजनाएं शुरू कीं। थाकसिन की लोकप्रियता थाईलैंड के शहरी मध्यवर्ग, अमीर वर्ग और शक्तिशाली सेना के लिए चुनौती बन गई। 2006 में सेना ने तख्तापलट कर दिया और थाकसिन को सत्ता से बाहर कर दिया गया। उन पर भ्रष्टाचार और सत्ता का दुरुपयोग करने जैसे आरोप लगे। थाकसिन देश से बाहर चले गए और कभी कंबोडिया तो कभी दुबई में रहकर राजनीति पर दूर से पकड़ बनाए रखी। लेकिन उनकी लोकप्रियता खत्म नहीं हुई। उनके समर्थकों ने रेड शर्ट्स आंदोलन के जरिए थाईलैंड में सरकारों के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया। थाकसिन की बहन यिंगलक शिनावात्रा ने 2011 में ऐतिहासिक चुनाव जीतकर थाईलैंड की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने बड़े पैमाने पर चावल खरीद सब्सिडी योजना चलाई, जिससे ग्रामीण वोटर खुश हुए लेकिन सरकारी खजाने पर भारी बोझ पड़ा।

# जापान के टोकारा में 14 दिन में 1000 भूकंप

## अब तक झटके जारी; जापान में अगले 30 साल में 3 लाख जानें जा सकती हैं

एजेंसी

टोक्यो, जापान के टोकारा द्वीपों के आसपास पिछले दो हफ्तों में 1000 से ज्यादा बार भूकंप आए हैं। जापान की मौसम एजेंसी के मुताबिक ये भूकंप 21 जून से शुरू हुए और अभी तक जारी हैं। बुधवार की रात लगभग 3 बजे यहां 5.5 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके बाद एजेंसी ने बड़े झटको की चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों को सुरक्षित जगह पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। टोकारा द्वीप में सिर्फ दो सप्ताह में इतने ज्यादा भूकंप क्यों आए, इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। भूकंप के बाद अभी तक किसी



जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। जापान दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। यह चार बड़े टेक्टोनिक प्लेटों पर बसा है और प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है। हर साल यहां करीब 1500 भूकंप आते हैं, जिनमें से ज्यादातर हल्के होते हैं। टोकारा द्वीप पर 21 से 30 जूलाई तक 740 भूकंप दर्ज किए गए, जिनमें ज्यादातर 5 या उससे ज्यादा की तीव्रता वाले भूकंप थे।

टोकारा के 12 द्वीपों में से 7 पर करीब 700 लोग रहते हैं। डेटा के अनुसार 23 जून को 183 भूकंप आए, जो एक दिन में आए सबसे ज्यादा भूकंप थे। 26 जून को यहां 15 और 27 जून को 16 बार भूकंप आए। लेकिन 28 जून को यह संख्या फिर से बढ़कर 34 और 29 जून को 98 हो गई। 30 जून को 62 भूकंप दर्ज किए गए। जापान के नोटो द्वीप में 2024 में आए भूकंप में करीब 600 लोग मारे गए थे। 2011 में 9.0 तीव्रता के भूकंप और सुनामी ने 18 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी। जापान सरकार ने अगले 30 साल में यहां 75-82 प्रतिशत तक भूकंप के तीव्र होने की चेतावनी दी है। अगर ऐसा हुआ तो 2.98 लाख लोग मारे जा सकते हैं और 2 ट्रिलियन डॉलर (167 लाख करोड़ रुपए) का नुकसान हो सकता है। अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल कहीं से किसी नुकसान की कोई खबर नहीं और न ही भूकंप से सुनामी की कोई चेतावनी जारी की गई है लेकिन जरूरत पड़ने पर लोगों को तैयार रहने के लिए कहा है।

# ब्रिटेन की संसद में आंसू बहाती दिखीं वित्त मंत्री रीव्ज

## रोने की वजह से पाउंड 1% गिरा, विपक्ष बोला– उनकी कुर्सी खतरे में

एजेंसी

लंदन, ब्रिटेन की वित्ता मंत्री रेचल रीव्ज बुधवार को संसद में रो पड़ीं। तब ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर विपक्ष के सवालों का जवाब दे रहे थे। रीव्ज के रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कई लोगों ने उन्हें कमजोर बताया और उनकी आलोचना की। रीव्ज के रोने का नुकसान ब्रिटिश मार्केट पर तुरंत दिखा। पाउंड की कीमत डॉलर के मुकाबले 1% गिर गई। दरअसल, निवेशकों ने समझा कि चांसलर की कुर्सी खतरे में है। अक्टूबर 2022 के बाद यह पहली बार हुआ जब पाउंड में इतनी गिरावट हुई। उस वक्त प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट ने बाजार में जबरदस्त उथल-पुथल मचा दी थी और उसका नतीजा यह हुआ था कि ट्रस को अपने पद से हटना पड़ा था। इस बीच पीएम स्टार्मर ने रीव्ज का बचाव किया। उन्होंने कहा कि रीव्ज के आंसुओं का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि रीव्ज आने वाले कई सालों तक चांसलर बनी रहेंगी। वित्त मंत्री के रोने के पीछे क्या वजह थी, इसे लेकर कई तरह की बातें सामने आईं। कुछ लोगों ने कहा कि विपक्ष के तीखे सवालों ने उन्हें रुला दिया। हालांकि, उनके प्रवक्ता ने कहा कि यह उनका निजी मामला था। वहीं, कुछ लोगों का मानना है कि लेबर सांसदों



के साथ हुए विवाद की वजह से वो भावुक हो गईं। दरअसल, चांसलर रेचल रीव्ज और लेबर पार्टी के कई सांसदों के बीच विवाद इसलिए हुआ क्योंकि रीव्ज ने विकलांग और बेरोजगार लोगों को मिलने वाले कुछ फायदे में कटौती करने का प्रस्ताव रखा था। इस फैसले से लेबर पार्टी के बहुत से सांसद नाराज हो गए थे। उन्होंने संसद में उनका काफी विरोध किया। इस विवाद के बाद कीर स्टार्मर सरकार ने कटौती का फैसला वापस ले लिया, लेकिन इसका नुकसान यह हुआ कि सरकार को हर साल लगभग 5 बिलियन पाउंड का नुकसान उठाना होगा। अब संभावना ये बन गई कि इस नुकसान को पूरा करने के लिए उन्हें टैक्स बढ़ाना पड़ सकता है, जबकि उन्होंने पहले इसे बढ़ाने से इनकार किया था। वित्त मंत्री के अपने फैसले से पीछे हटने के मुद्दे पर विपक्ष हमलावर हो गया। विपक्षी कंजर्वेटिव नेता केमी बैडेनोच ने कहा कि सरकार में अब चांसलर का रोल खत्म हो चुका है। रीव्ज शायद ही अगले चुनाव तक चांसलर पद पर रहेंगी। पीएम स्टार्मर और चांसलर रीव्ज के झगड़े की अफवाह द मिरर के मुताबिक कई सूत्रों ने दावा किया कि चैंबर में आने से ठीक पहले प्रधानमंत्री स्टार्मर और चांसलर रीव्ज के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिससे वह परेशान हो गई थीं।

हालांकि प्रधानमंत्री और चांसलर के दफ्तर ने इस दावे को खारिज कर दिया। स्टार्मर से जब सरकार के कल्याणकारी फैसले में यू-टर्न को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इसका रीव्ज के आंसुओं से कोई रिश्ता नहीं है और यह पूरी तरह उनका व्यक्तिगत मामला है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि वो उनकी निजता का सम्मान करते हैं और इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहेंगे।

# इंडोनेशिया के बाली द्वीप के पास जहाज डूबा

## 65 लोगों को ले जा रहा था, 5 की मौत, 31 लापता, नौ बोट बचाव में जुटी

एजेंसी

इंडोनेशिया, इंडोनेशिया के बाली रिसॉर्ट द्वीप के पास गुरुवार को 65 लोगों को ले जा रही एक जहाज के डूबने से 5 लोगों की मौत हो गई और 29 को बचा लिया गया है। जबकि 31 लोग अब भी लापता हैं। केएमपी टुनु प्रतामा जया नामक ये जहाज पूर्वी जावा के केतापांग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह जा रही थी, यह 50 किलोमीटर का सफर था। रवाना होने के करीब



30 मिनट बाद यह डूब गई। जहाज पर करीब 53 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे, साथ ही 22 वाहन भी थे, जिनमें कई ट्रक भी शामिल थे। सुरबाया बचाव एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा- जहाज स्थानीय समयानुसार रात के लगभग 11 बजकर 20 मिनट पर डूबी। बचाव के लिए नौ बोट जिनमें टगबोट और इन्फ़्लेटेबल जहाज शामिल हैं, सक्रिय रूप से लापता लोगों की तलाश कर रही हैं। दो मीटर तक ऊंची लहरों के कारण बचाव दल को लोगों को ढूंढने में परेशानी हो रही है। राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी का कहना है कि जब तक सभी लापता लोगों का पता नहीं चल जाता, तब तक प्रयास जारी रहेंगे। इंडोनेशिया के मालुकु में 3 जनवरी 2025 को एक स्पीडबोट 2 नोना डूब गई थी। यह बोट सेराम भागियन बारात से अम्बोन जा रही थी। रास्ते में यह एक तैरते लकड़ी के लट्ठे से टकरा गई, जिससे इसका पतवार टूट गया और यह डूब गई। बोट में 30 यात्री सवार थे, जिनमें से 8 की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर घमासान

## इंडिया ब्लॉक ने बताया गरीब विरोधी, चुनाव आयोग पर भाजपा को मदद देने का आरोप



**बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए गहन मतदाता सूची संशोधन अभियान का विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने विरोध किया है**

एजेंसी

दिल्लीः बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे संक्षिप्त गहन मतदाता सूची संशोधन अभियान को लेकर राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है. विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने इस प्रक्रिया को ₹गरीब विरोधी, असंवेदनशील और पक्षपातपूर्ण करार देते हुए विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है. कांग्रेस, राजद और वाम दलों समेत इंडिया ब्लॉक के प्रमुख घटक दलों ने आरोप लगाया है कि यह प्रक्रिया 20% से अधिक मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर सकती है.क्या है विवाद ?चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है, जिसके तहत मतदाताओं को अपने नाम की पुष्टि के लिए कुछ विशेष दस्तावेज, विशेषकर माता-पिता का जन्म प्रमाण पत्र, जमा करने को कहा गया है.इंडिया ब्लॉक का कहना है कि यह प्रक्रिया न केवल जल्दबाजी में शुरू की गई है, बल्कि इसका उद्देश्य गरीब और हाशिये पर खड़े वर्गों को मतदाता सूची से बाहर करना है.इंडिया ब्लॉक तीखी प्रतिक्रियाकांग्रेसः बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश कुमार ने ईटीवी भारत से बात करते हुए कहा, हमारे द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चुनाव आयोग से हमें सकारात्मक जवाब नहीं मिला. हमने पैनल को बताया कि इस समय दक्षिण बिहार के लोग काम की तलाश में राज्य से बाहर होते हैं और उत्तर बिहार बाढ़ से प्रभावित रहता है. ऐसे में दस्तावेज इकट्ठा करना गरीबों के लिए असंभव है. राजेश कुमार ने आगे कहा, अगर यह प्रक्रिया नहीं रोकी गई, तो इंडिया ब्लॉक राज्यव्यापी अभियान चलाकर इसे जनविरोधी घोषित करेगा. राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि इस मुद्दे पर गठबंधन के भीतर चर्चा जारी है. उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग का यह कदम भगवा पार्टी को अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने वाला है. आम लोगों में इस प्रक्रिया को लेकर गहरा संदेह है. हम अपनी रणनीति जल्द साफ करेंगे.राजद नेता तेजस्वी यादव और अन्य विपक्षी नेताओं ने भी बीते दिनों इस मुद्दे पर लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आयोग की मंशा पर सवाल उठाए हैं.सीपीआई-एमएलवामपंथी नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने इस पूरी प्रक्रिया को ₹अचानक और अपारदर्शी₹ बताया. बिना किसी राजनीतिक दल से सलाह-मशविरा किए इस तरह का व्यापक संशोधन क्यों शुरू किया गया? इस अभियान को तुरंत रोका जाना चाहिए.

# यूपी में स्कूलों के विलय के पीछे गहरी साजिश

## अखिलेश बोले– शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है भाजपा

**अखिलेश यादव ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए एक्स पर लिखा कि शिक्षा ही विकास की सबसे बड़ी कसौटी होती है। भाजपा सरकार में शिक्षा और शिक्षकों की जो उपेक्षा हो रही है उसके पीछे एक गहरी साज़िश की ये आशंका बलवती हो रही है कि भाजपा आनेवाली पीढ़ी से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है।**

एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को भाजपा नीत उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों के विलय के पीछे गहरी साजिश है। अखिलेश यादव ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए एक्स पर लिखा कि शिक्षा ही विकास की सबसे बड़ी कसौटी होती है। भाजपा सरकार में शिक्षा और शिक्षकों की जो उपेक्षा हो रही है उसके पीछे एक गहरी साज़िश



की ये आशंका बलवती हो रही है कि भाजपा आनेवाली पीढ़ी से शिक्षा का अधिकार छीनना चाहती है। सपा नेता ने दावा किया कि जो शिक्षित होता है वह सकारात्मक भी होता है और सहनशील भी, ऐसे लोग भाजपा की नकारात्मक राजनीति को कभी भी स्वीकार नहीं करते हैं। शिक्षा से ही उनमें चेतना आती है और वो उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि शिक्षा से जो आत्मविश्वास आता है वह भाजपा जैसे वर्चस्ववादी दल के विरोध का कारण बनता है, इसीलिए न होंगे स्कूल, न होगा भाजपा का विरोध। आज गाँवों में स्कूल बंद होंगे कल को भाजपा के संगी-साथी सेवा के नाम पर अपने स्कूल वहाँ खोलने के लिए पहुँच जाएँगे। जिससे वो अपनी दरारवादी सोच के बीज बो सकें। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि भाजपा अपनी प्रभुत्ववादी सोच को बनाए रखने के लिए अशिक्षित व अवैज्ञानिक लोगों की ताली बजाती, थाली पीटती अनपढ़ों की भीड़ चाहती है। नकारात्मक सोच के लिए प्रभुत्ववादी, घोर स्वार्थी व अनपढ़ों का समर्थन चाहिए होता है। सच में शिक्षित व परमार्थ से प्रेरित एक चैतन्य व जागरूक व्यक्ति कभी भी भाजपा जैसी सोच का समर्थक नहीं हो सकता है। जितनी शिक्षा प्रसारित होगी उतनी ही भाजपाई राजनीति की जड़ कमजोर होगी। उन्होंने कहा कि सब जानते हैं कि जो चीज निगाह से दूर हो जाती है, वो दिमाग से भी दूर हो जाती है। जब आसपास स्कूल ही नहीं दिखेंगे तो शिक्षा की साक्षात प्रेरणा ही समाप्त हो जाएगी। हमारा तर्क ये है कि जब 1 मतदाता के लिए बूथ बनाया जा सकता है तो 30 बच्चों के लिए स्कूल चलाया क्यों नहीं जा सकता है।

# वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के लिए दूरसंचार विभाग की प्रौद्योगिकी का उपयोग करें बैंक : आरबीआई

**बयान के अनुसार, ऐसे समय जब यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) पूरे भारत में सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली बन गयी है, यह कदम लाखों नागरिकों को साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने से बचा सकता है।**

एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी वाले लेनदेन को रोकने के लिए दूरसंचार विभाग की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने को कहा है। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह कहा गया। दूरसंचार विभाग की यह प्रौद्योगिकी वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक उपकरण है। बैंक और वित्तीय संस्थान वास्तविक समय में वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) का





उपयोग कर सकते हैं। यह वित्तीय धोखाधड़ी के मध्यम, उच्च या बहुत उच्च जोखिम के साथ उनके जुड़ाव के आधार पर मोबाइल नंबर को वर्गीकृत करता है। आंकड़े विभिन्न स्त्रोतों से एकत्र किये जाते हैं। इसमें भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी), दूरसंचार विभाग के चक्षु मंच और बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा साझा की गई खुफिया जानकारी शामिल है।

# कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- इलेक्शन तक छात्रसंघ ऑफिस बंद रहेंगे

## गैंगरेप केस में ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी; बार काउंसिल से आरोपी की सदस्यता रद्द

**पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने बुधवार को मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते आरोपी को बार काउंसिल की सूची से हटाया गया है।**

एजेंसी

कोलकाता , कोलकाता हाईकोर्ट ने लॉ कॉलेज में गैंगरेप को लेकर दाखिल की गई तीन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कमरों का इस्तेमाल किसी भी काम के लिए नहीं किया जा सकता है। जरूरत होने पर वैध कारणों के साथ यूनिवर्सिटी



रजिस्ट्रार को आवेदन देना होगा। वहीं, पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने बुधवार को मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते आरोपी को बार काउंसिल की सूची से हटाया गया है। मामले का मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के छात्र संघ के नाम पर गतिविधियां चलाता रहा है। 2017 के बाद से पश्चिम बंगाल में कोई छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ, फिर भी पूर्व छात्रों और गैर-निर्वाचित व्यक्ति संघ कार्यालय अवैध रूप से चला रहे हैं। सभी छात्र संघ कार्यालय बिना किसी मंजूरी या कानून के प्रावधान के अपना संचालन जारी रखे हुए हैं। चिंता की बात यह है कि छात्र, पदाधिकारी, कक्षा प्रतिनिधि, जो पिछले चुनाव में चुने गए अऔर नॉमिनेट किए गए थे, वे अभी भी छात्र संघ में पिछले पद के आधार पर कैंपस में आसानी से आ रहे हैं। पुलिस बोली- गुमराह कर रहे तीनों आरोपीपुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी अलग-अलग बयान दे रहे हैं ताकि जांच को भटकाया जा सके।

## संक्षेप

### संदिग्ध हालात में होटल कर्मचारी की मौत

**रेलवे स्टेशन के पास मिला शव, माता-पिता की हो चुकी मौत, यूपी का रहने वाला**

सुलतानपुर, कुरुक्षेत्र में होटल कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रेलवे स्टेशन के पास कर्मचारी का शव बरामद हुआ। सूचना पाकर सुभाष मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 26 साल के सागर गुप्ता निवासी मुरादाबाद (यूपी) के रूप में हुई है, जो लंबे समय से कुरुक्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास होटलों में काम करता रहता था। सागर के माता-पिता की मौत हो चुकी है। इसलिए सागर अकेला था और स्टेशन व आसपास की दुकानों के बाहर सो जाता था। जांच अधिकारी एएसआई सुरेश बाजवा ने बताया कि सागर के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्राथमिक जांच में बीमारी से मौत की आशंका है। जेब से आधार कार्ड से उसकी पहचान हो गई थी। उसका शव रेलवे स्टेशन के पास दुकान के बाहर पड़ा था। मृतक सागर के रिश्तेदारों से संपर्क किया गया था। उन्होंने किसी संस्था के जरिए उसका अंतिम करवाने की सहमति जता दी।

### कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ को मिला नया जिला अध्यक्ष

**अनिल पांडेय को मिली जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाया जश्न**

सुल्तानपुर, जिले में कांग्रेस पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ को नया जिला अध्यक्ष मिल गया है। जयसिंहपुर तहसील के कस्बा निवासी और सहकारिता बैंक से सेवानिवृत्त अनिल कुमार पांडेय को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृपा शंकर मिश्र ने यह नियुक्ति की है। पांडेय पिछले छह वर्षों से सहकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं। जिला स्तरीय कमेटी की सिफारिश पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके नाम पर मुहर लगाई है। जयसिंहपुर इकाई ने नहर चौराहे पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्र ने आशा जताई है कि अनिल कुमार पांडेय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व को मजबूती प्रदान करेंगे।

### स्कूली वाहनों की सुरक्षा जांच

**सुलतानपुर के निजी स्कूलों के सभी वाहन मानकों पर खरे**

सुलतानपुर, डोभियारा ग्रामसभा स्थित निजी स्कूलों में आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया। आरटीओ अधिकारियों ने वाहनों के सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। निरीक्षण के दौरान वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स और सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता की भी जांच की गई। जिले के सभी विद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है। निजी स्कूलों के सभी वाहनों के कागजात पूर्ण और नियमानुसार पाए गए।

# सावन कांवड़ यात्रा की तैयारी पूरी

**प्रयागराज में कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने कसी कमर, श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा और सुविधाओं का विशेष प्रबंध**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, सावन के पावन महीने की शुरूआत 11 जुलाई से हो रही है, और इसके साथ ही संगम नगरी प्रयागराज में एक बार फिर भक्ति और आस्था का माहौल बनने जा रहा है। भगवान शिव के प्रिय इस महीने में हजारों श्रद्धालु कांवड़ लेकर गंगाजल भरने संगम के दशाश्वमेध घाट पर पहुंचते हैं और वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर समेत अन्य शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं।

इस पावन अवसर को देखते हुए जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड ने बताया कि कांवड़ यात्रा के रूटों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया है, और जिन मार्गों पर गड्ढे थे, उनकी मरम्मत पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के सहयोग से पूरी कर ली गई है। शास्त्री ब्रिज की टूटी रेलिंग को भी दुरुस्त करा दिया गया है, जिससे यात्रा सुगमता से संपन्न हो सके। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर जरूरी विभाग को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रमुख शिवालयों जैसे दशाश्वमेध महादेव, मनकामेश्वर मंदिर, सोमेश्वर महादेव, पडिला महादेव और नागवासुकी मंदिर में विशेष साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और मार्ग सुधार का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए घाटों पर जल पुलिस और गोताखोरों की भी तैनाती की जा रही है। कांवड़ यात्रा मार्गों पर मांस और शराब की दुकानों को पूरी तरह बंद रखने का निर्देश दिया गया है, ताकि धार्मिक मयार्दा बनी रहे। डीएम ने साफ किया कि इस बार किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत नहीं होने दी जाएगी। साथ ही, कांवड़ियों के साथ चलने वाले डीजे साउंड की ऊंचाई और ध्वनि स्तर पर भी नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धा के इस पर्व में किसी भी तरह की अशांति या दुर्घटना न हो।

# जमीन विवाद के लिए हत्या

**सोते समय युवक को गोली मारी, पत्नी ने 4 लोगों पर लगाया आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज , मऊ आइमा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में सोते हुए युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली की आवाज सुनते ही पत्नी उठी, तो देखा पति खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। देर रात वारदात को अंजाम देने पहुंचे आरोपी मौके से भाग निकले। विजय बहादुर अपने घर के बरामदे में गहरी नींद में सो रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने उनके सिर में गोली मार दी।

गोली की आवाज सुनकर पास में सो रही पत्नी सुमन देवी की नींद खुली। उन्होंने देखा कि विजय बहादुर बिस्तर पर मृत पड़े हैं। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उनकी चार बहनें हैं। दो दिन पहले जमीन की नाप को लेकर पड़ोसियों से विवाद हुआ था। सुमन देवी ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने गांव के ही राम बाबू, सालिक राम पटेल, राकेश पटेल और प्रशांत पटेल पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी फूलपुर पंकज लवानिया के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच के लिए प्रभारी निरीक्षक मऊ आइमा पंकज अवस्थी के साथ क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# 5 हजार स्कूलों के विलय का विरोध

- अमेठी में कांग्रेस का प्रदर्शन, बोले- कई लोगों से छिनेगा रोजगार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5 हजार सरकारी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के विलय के खिलाफ कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर अमेठी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सिंघल ने कहा कि स्कूलों के विलय से दूर-दराज के गांवों के बच्चों को शिक्षा के लिए दूसरे गांव जाना पड़ेगा। इससे बच्चों और अभिभावकों को परेशानी होगी। उन्होंने बताया कि इस फैसले से मिड-डे मील कर्मचारियों की नौकरी भी जाएगी। साथ ही बीएड-बीटीसी की डिग्री वाले युवाओं को रोजगार में दिक्कत आएगी। सरकार के निर्णय की निंदा कांग्रेस ने सरकार के इस निर्णय की निंदा की है। पार्टी ने छात्रों और बेरोजगार युवाओं के हित में संघर्ष




करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन में शत्रुघ्न सिंह, अनिल सिंह, फिरोज आलम, राम बरन कश्यप, विजय पासी, अरविंद चतुवेर्दी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबीना, मानिशा, किरन देवी और कलावती मौर्या जैसी महिला कार्यकताओं ने भी हिस्सा लिया।

# जीएसटी सत्यापन अभियान पर व्यापारी नेता का बयान

**फर्जी फर्मों की जांच जरूरी, लेकिन व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने जीएसटी सत्यापन अभियान पर अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि सत्यापन प्रक्रिया का समर्थन है। लेकिन इसकी आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न स्वीकार नहीं किया जाएगा। त्रिपाठी ने बताया कि वाणिज्य कर विभाग का यह अभियान उन फर्मों की जांच के लिए है, जो जीएसटी में पंजीकृत हैं। कुछ फर्में या तो दर्ज पते पर नहीं मिल रही हैं या फिर घोषित व्यापार से अलग काम कर रही हैं। ऐसी फर्जी फर्में टैक्स चोरी कर रही हैं। इससे सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। साथ ही ईमानदार व्यापारियों की छवि भी खराब हो रही है। मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य कर आयुक्त नितिन बंसल, अपर आयुक्त धर्मजय शुक्ल, एडिशनल कमिश्नर संतोष साहू और सुल्तानपुर के डिप्टी कमिश्नर लोहितेश शरण से मुलाकात की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि अभियान सिर्फ पते और पंजीकरण की जांच तक सीमित रहेगा। स्टॉक की गिनती नहीं होगी। न ही कोई बयान या दस्तावेज जब्त किए जाएंगे। निर्दोष व्यापारियों को न किया जाए परेशान त्रिपाठी ने व्यापारियों से कहा कि अगर कोई अधिकारी अनुचित मांग करे या अपमानजनक व्यवहार करे, तो इसकी सूचना तुरंत संगठन को दें। संगठन हर स्तर पर व्यापारियों का साथ देगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि अभियान को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ चलाया जाए। किसी भी निर्दोष व्यापारी को परेशान न किया जाए।

# आवारा कुत्तों का खतरा

- 6 माह में 18,907 लोगों को काटा, रोज 8-10 मरीज अस्पताल पहुंच रहे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। जिले के अस्पतालों में प्रतिदिन 8 से 10 लोग कुत्तों के काटने के कारण इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 जनवरी से 30 जून 2025 के बीच 18,907 लोगों को कुत्तों ने काटा। इनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। सुबह और शाम के समय सड़कों पर कुत्तों के झुंड राहगीरों पर अचानक हमला कर देते हैं। स्थानीय निवासी सतीश श्रीवास्तव के अनुसार, आए दिन कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इनको पकड़ने या रोकथाम के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। गांव और शहर में आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने का कोई प्रभावी प्रबंध नहीं है। बड़े शहरों में इस समस्या से निपटने के लिए विशेष व्यवस्थाएं हैं। लेकिन अमेठी में अभी



तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि कुत्ते के काटने से जान का खतरा हो सकता है। हालांकि, अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी मरीजों को समय पर उपचार और टीके दिए जा रहे हैं।

# भ्रष्टाचार उजागर करने पर प्रधान की धमकी

**युवक की जान को खतरा, एसपी ने दिए जांच के आदेश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, तिलोई तहसील के आशापुर गांव में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।

ग्राम प्रधान ने भ्रष्टाचार उजागर करने वाले युवक और शिकायतकर्ता ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी दी है। युवक ने आशापुर ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग और अन्य निर्माण कार्यों में अनियमितता की बात उठाई थी।

कुछ ग्रामीणों ने भी इस मामले में अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने सार्वजनिक रूप से धमकी दी कि जो उनके खिलाफ जाएगा, उसे मरवा देंगे। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला गंभीर हो गया है। एसपी अमेठी अर्पण रजत कौशिक ने प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज को जांच के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। साथ ही युवक की सुरक्षा की मांग भी उठाई गई है।

# ट्रैक्टर ने दो दूधियों को रौंदा

**मौके पर दोनों की मौत, एक मृतक के चार बच्चे; आरोपी चालक फरार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़ , ट्रैक्टर की टक्कर से दो दूधियों की मौत हो गई। वहीं, परिजनों ने चालक पर ट्रेक्टर लापरवाही से चालाक हत्या का आरोप लगाया है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा कर दिया। सूचना पर एसडीएम व सीओ सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आरोपी के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत कराया। साथ ही पुलिस ने मृतको के शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिए। घटना के बाद मृतकों के परिवार में मातम छा गया। इस हादसे में एक मृतक युवक के 4 बच्चे अनाथ हो गए। अकराबाद थाना इलाके के गांव सिकंदरपुर का रहने वाला 32 वर्षीय बबलू पुत्र रामेश्वर दूध का काम करता था। परिवार में पत्नी सन्तोष देवी, 3 बेटी व एक साल का बेटा है। सुबह गांव के रहने वाले 22 वर्षीय आलोक से सड़क किनारे खड़े होकर बात कर रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने दोनों को रौंद दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक भाग गया। ग्रामीण एकत्र हो गए। दोनों के परिजन भी आ गए । गुस्साए परिजनों ने हंगामा कर दिया। नानऊ - छर्रा रोड़ जाम कर दिया। सूचना पर इलाका पुलिस के अलावा एसडीएम कोल व सीओ बरला घटना स्थल पर आ गए। अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगो को शान्त करवाया। साथ ही यातायात चालू करवाया। भाई रवि के अनुसार बबलू घर से बाइक द्वारा जलाली जाने के लिए निकला था। परिजनों का आरोप है कि रास्ते मे चालक ने तेज व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर उसके भाई बबलू व आलोक की हत्या की है। आरोपी ट्रैक्टर चालक गांव का ही है।

इस हादसे के बाद बबलू के 4 बच्चों के सिर से पिता का साया हट गया। आगे बताया कि अलोक भी दूध का काम करता था। वह पांच भाइयो में चौथे नम्बर का था। उधर, पुलिस ने ट्रेक्टर को कब्जे में ले लिया। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजकर जांच कर रही है।

# देवकी नंदन महाराज को मिली हत्या की धमकी

**वॉयस मैसेज भेजकर कहा- एक महीने में बम से उड़ा देंगे, होशियारी न करे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, कथावाचक देवकी नंदन महाराज को हत्या की धमकी मिली है। ये धमकी वॉयस मैसेज भेजकर प्रियकांत जू मंदिर के ऑफिस के मोबाइल नंबर पर दी गई है। फोन करने वाले ने कहा- एक महीने में बम से उड़ा दूंगा। ज्यादा होशियारी न करे। धमकी का ऑडियो सामने आने के बाद उनके भाई ने एसएसपी को शिकायत भेजी है। पुलिस अब मामले की छानबीन में जुट गई है। देवकी नंदन महाराज के मंदिर प्रियकांत जू के ऑफिस में मोबाइल पर एक मैसेज आया। 33 सेकंड के वॉयस मैसेज में अज्ञात शख्स ने देवकी नंदन महाराज को धमकी दी है। उसने कहा- देवकीनंदन ठाकुर को एक महीने के अंदर उड़ा दिया जाएगा। ये मैसेज उन तक पहुंचाने की कोशिश करे। ज्यादा होशियार बनने का प्रयास न करे। ये नंबर चालू रहेगा। इस नंबर पर कांटेक्ट करने की कोशिश न करे। केवल मैसेज करे। देवकी नंदन महाराज वर्तमान में मथुरा की मांट तहसील के प्राचीन स्थान वंशीवट पर कथा कर रहे हैं। धमकी भरा मैसेज आने के बाद उनके भाई और विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के सचिव विजय शर्मा ने एसएसपी को शिकायत भेजी है। शिकायती पत्र में मांग की गई है कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने की जाए।

# 7 माह की गर्भवती ने की आत्महत्या

**फांसी के फंदे से लटकी मिली 3 बच्चों की मां, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के सखौली खुर्द गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक मामला सामने आया है। जिसमें सात महीने की गर्भवती महिला ने आत्महत्या कर ली है। मृतका की पहचान 33 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। घटना की जानकारी आज सुबह तब सामने आई जब परिवार के लोग घर के अंदर गए। मृतका के तीन बच्चों में सबसे बड़ी बेटी सात वर्ष की है, दूसरी बेटी चार साल की है और सबसे छोटा बेटा एक वर्ष का है। मृतका के ससुर राम उजागिर पेंटिंग का काम करते हैं। उनकी पत्नी पहले ही स्वर्गवास कर चुकी हैं और उनके तीन बेटे हैं।

# महाविद्यालय में निशुल्क कोचिंग

**परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी मिलेगी, छात्र खुश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, तिलोई तहसील के बाबू महीपति सिंह महाविद्यालय में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निशुल्क कोचिंग केंद्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना सिंह' और जिला समाज कल्याण अधिकारी अमेठी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस केंद्र में तिलोई क्षेत्र के चुने गए 100 मेधावी विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज, यूपीपीएससी, एनडीए, सीडीएस और एसएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। छात्रों को अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही डिजिटल संसाधनों की सुविधा भी उपलब्ध होगी। कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना प्रतिभाशाली छात्रों के लिए सुनहरा अवसर है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिलेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह योजना छात्रों के भविष्य को मजबूत बनाएगी।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी , एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० - A - 544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई , ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935, 9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक- जगन्नाथ तिवारी